■ आश्विन कृष्णा - 8 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 75 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » शनिवार » 07-10-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत


ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 भाजपा किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेती : प्रधान

6 भारत की सख्ती से जमीन पर आए कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो

7 वैश्विक परमाणु परीक्षण पाबंदी को रद्द कर सकता है रूस : पुतिन



## फर्स्ट टेक

### जापान ने शीतकालीन ओलंपिक, 2030 की मेजबानी की दावेदारी छोड़ी

**टोक्यो/वार्ता।** जापान के उत्तरी शहर व होक्काइदो प्रान्त की राजधानी साप्पोरो ने शीतकालीन ओलंपिक 2023 की मेजबानी के लिए अपनी दावेदारी छोड़ने का निर्णय लिया है। यह जानकारी शुक्रवार को स्थानीय मीडिया ने सूत्रों के हवाले से दी। साप्पोरो ने 2014 में शीतकालीन ओलंपिक की मेजबानी की घोषणा की थी और मंगलवार को 2030 में होने वाले ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए संशोधित योजनाओं की घोषणा की। यह निर्णय 2021 में टोक्यो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक से जुड़े रिश्वत और बोली-धांधली घोटालों पर बढ़ते सार्वजनिक अविश्वास के बीच लिया गया है।

### तुर्की के लड़ाकू विमानों ने सीरिया में हवाई हमले किए

**दमिश्क/वार्ता।** तुर्की के ड्रोन और लड़ाकू विमानों ने गुरुवार को उत्तरी और पूर्वी सीरिया में कुर्द मिलिशिया के ठिकानों को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए। हमलों में 24 लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। हमले में कुर्द लड़ाकों में से 15 हताहत हो गए। मानवाधिकारों के लिए सीरियाई वेधशाला ने कहा कि तुर्की वायु सेना ने कुर्द स्थलों पर तीन लड़ाकू विमानों और 21 ड्रोन द्वारा 24 हवाई हमले किए। हमलों में तेल, बिजली और जल स्टेशनों सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया, जिससे काफी नुकसान हुआ। सीरियाई अरब समाचार एजेंसी ने कहा कि तुर्की की गोलाबारी के कारण उत्तरपूर्वी प्रांत अल-हसाका में दो बिजली संयंत्र और एक जल स्टेशन सेवा से बाहर हो गए। हमलों में वृद्धि तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फ़िदान द्वारा जारी की गई धमकियों के बाद हुई है।

### ईरान में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई के लिए नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार

**ओस्लो (नॉर्वे)/एपी।** ईरान में महिला अधिकारों, लोकतंत्र और मृत्युदंड के खिलाफ वर्षों से संघर्ष कर रहीं और इस समय जेल में बंद कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को इस वर्ष के नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। नॉर्वे नोबेल समिति के अध्यक्ष बेरिट रीस-एंडरसन ने शुक्रवार को ओस्लो में पुरस्कार की घोषणा की। मोहम्मदी (51) ने अपने आंदोलन की वजह से बार-बार गिरफ्तार होने और जेल जाने के बावजूद अपना काम जारी रखा। रीस-एंडरसन ने कहा, सबसे पहले यह पुरस्कार ईरान में पूरे आंदोलन के लिए बहुत अहम कार्य और उसकी निर्विवाद नेता नरगिस मोहम्मदी को मान्यता देने के लिए है।

| | |
|---|---|
| 07-10-2023 सूर्यास्त 6:05 बजे | 08-10-2023 सूर्योदय 6:09 बजे |
| BSE 65,995.63 (+364.06) | NSE 19,653.50 (+107.75) |
| सोना 5,992 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 71,800 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### ईडी धरम

हो हल्ला मचा हुआ भारी,
क्यों प्रश्न पूछता है ईडी।
सब देख रही है जनता भी,
आख़िर क्यों सरकारें नीडी।
ना आंच सांच को आएगी,
बनवा लो इसकी भी सीडी।
लीडर को डर है कांहे का,
कह दो सच को बन कर लीडी।।

उच्चतम न्यायालय का

## जातिगत जनगणना पर रोक लगाने, यथास्थिति आदेश से इनकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने जाति जनगणना करने और उसे प्रकाशित करने के बिहार सरकार के फैसले पर रोक लगाने या यथास्थिति बनाए रखने से इनकार करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह राज्य सरकार या किसी भी सरकार को निर्णय लेने से नहीं रोक सकता।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस वी एन भट्टी की पीठ ने स्वयंसेवी संस्थाओं - एक सोच एक प्रयास, यूथ फॉर इक्वलिटी और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि फिलहाल यथास्थिति का आदेश नहीं दिया जा सकता, क्योंकि राज्य सरकार को नीतिगत निर्णय लेने से रोकना गलत होगा। पीठ ने मौखिक रूप से कहा, 'हम राज्य सरकार या किसी भी सरकार को निर्णय लेने से नहीं रोक सकते।, पीठ ने हालांकि कहा, 'हम आंकड़े एकत्र करने के राज्य के अधिकार और अन्य सभी मुद्दों की जांच करने जा रहे हैं।' शीर्ष अदालत ने जाति जनगणना कराने के राज्य सरकार के फैसले को बरकरार रखने के पटना उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया।

### प्रौद्योगिकी कानूनी व्यवस्था का हिस्सा

**नई दिल्ली/वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि प्रौद्योगिकी अब पसंद का विषय नहीं, बल्कि कानूनी प्रणाली का हिस्सा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की अनुमति नहीं देने के फैसले के खिलाफ वकील सर्वेश माथुर की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि बार के किसी भी सदस्य को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं या हाइब्रिड सुविधा के माध्यम से सुनवाई में भाग लेने से वंचित न किया जाए।

## दो वर्ष में देश से वामपंथी उग्रवाद का पूरी तरह सफाया हो जाएगा : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/वार्ता।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई अंतिम दौर में पहुंच चुकी है और अगले दो वर्षों में इसका पूरी तरह खात्मा कर दिया जायेगा। शाह ने शुक्रवार को यहां वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वामपंथी उग्रवाद की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में केन्द्रीय मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, केन्द्रीय गृह सचिव, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक, केन्द्र सरकार के सचिव, राज्यों के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सरकार को पिछले कुछ वर्षों में वामपंथी उग्रवाद पर नकेल कसने में अच्छी सफलता हासिल हुई है और अब यह लड़ाई निर्णायक दौर में आ चुकी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र के दृढ़ निश्चय और वामपंथ उग्रवाद से प्रभावित सभी राज्यों के सहयोग से 2022 और 2023 में इस समस्या के खिलाफ बड़ी सफलताएं मिली हैं और वामपंथी उग्रवाद को अगले दो वर्षों में पूरी तरह समाप्त कर दिया जायेगा।

शाह ने कहा कि 2019 के बाद से अब तक प्रभावित क्षेत्र निरंतर सिकुड़ता जा रहा है और केन्द्रीय पुलिस बलों के 195 नए शिविर स्थापित किए गये हैं तथा 44 नए शिविर और स्थापित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद के ख़िलाफ़ केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती, तर्कसंगत विकास और प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस शिविर स्थापित करना मोदी सरकार की प्राथमिकताएं हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद से मुक्त क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने की ज़रूरत है जिससे वहां यह समस्या दोबारा ना हो सके। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों से इस समस्या को खत्म किया जा चुका है वहां से वामपंथी उग्रवादी अन्य राज्यों में शरण ना लें इसकी निगरानी करने की भी ज़रूरत है।

'न्यूजक्लिक' के खिलाफ दिल्ली पुलिस की प्राथमिकी

## भारत की संप्रभुता में हस्तक्षेप करने के लिए चीन से धन आया

■ **विदेशी धन चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रचार विभाग के एक सक्रिय सदस्य नेविली रॉय सिंघम द्वारा धोखाधड़ी से भेजा गया।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के खिलाफ आतंकवाद रोधी कानून 'गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम' (यूएपीए) के तहत दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि भारत की संप्रभुता में हस्तक्षेप करने और देश के खिलाफ असंतोष पैदा करने के इरादे से चीन से बड़ी मात्रा में धन आया। इसमें यह भी आरोप लगाया गया कि 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ ने 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए एक समूह-पीपुल्स अलायंस फॉर डेमोक्रेसी एंड सेक्युलरिज्म (पीएडीएस) और साथ ही पीएडीएस के संयोजक बत्तीनी राव, इतिहासकार दिलीप शिमोन, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक ढोलकिया, दिल्ली स्थित गैर सरकारी संगठन अमन ट्रस्ट के निदेशक जमाल किदवई और पत्रकार किरण शाहीन सहित अन्य के साथ साजिश रची। प्राथमिकी में दावा किया गया है कि यह विदेशी धन चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रचार विभाग के एक सक्रिय सदस्य नेविली रॉय सिंघम द्वारा धोखाधड़ी से भेजा गया।

### ईडी ने संजय सिंह के दो सहयोगियों को भेजा समन

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के दो सहयोगियों को दिल्ली आबकारी नीति मामले (अब रद्द) के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने सिंह के जिन दो सहयोगियों को समन भेजा है उनमें से एक सर्वेश मिश्रा शुक्रवार को दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में पेश हुए। सर्वेश मिश्रा ने ईडी कार्यालय की ओर जाने के दौरान संवाददाताओं से कहा, सच्चाई की जीत होगी। सूत्रों ने बताया कि इन दोनों व्यक्तियों को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग (धनशोधन) मामले में चल रही जांच में शामिल होने के लिए बुलाया गया है। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी इस मामले को लेकर उनके बयान दर्ज करेगी।

## भारत दुनिया की वृद्धि का नया इंजन बनने को तैयार : आरबीआई गवर्नर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के लिए देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत दुनिया की वृद्धि का इंजन बनने के लिए तैयार है।

दास ने रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करते हुए कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की धीमी पड़ती रफ्तार के बीच घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत मांग होने से जुझारू क्षमता दिखा रही है।

आरबीआई गवर्नर ने कौटिल्य के महान ग्रंथ 'अर्थशास्त्र' को उद्धृत करते हुए कहा कि देश की प्रगति के लिए वृहद-आर्थिक स्थिरता और समावेशी विकास बुनियादी तत्व हैं। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में कई तरह के और अप्रत्याशित झटकों से निपटने के लिए हमने जिस तरह का नीतिगत मेल किया है, उसने वृहद-आर्थिक एवं वित्तीय स्थिरता को मजबूती दी है। उन्होंने कहा कि बाह्य क्षेत्र भी काफी हद तक प्रबंधन के लायक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि दशक भर पहले के दोहरे बहीखाते के दबाव की जगह अब दोहरे बहीखाते के लाभ की स्थिति है जिसमें बैंकों एवं कंपनियों दोनों के खाते मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समय कठिन वित्तीय परिस्थितियों, भू-राजनीतिक तनाव लंबा खिंचने और बढ़ते भू-आर्थिक विखंडन के असर से सुस्त पड़ रही है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा, वैश्विक रुझानों के उलट घरेलू आर्थिक गतिविधियां जुझारूपन को दर्शाती हैं जो मजबूत घरेलू मांग से आती है। भारत दुनिया की वृद्धि का नया इंजन बनने के लिए तैयार है।

## चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर के पुनः सक्रिय होने की अब कोई उम्मीद नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु/भाषा।** चंद्रयान-3 के लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान' के पुन: सक्रिय होने की अब कोई उम्मीद नहीं है। यह बात शुक्रवार को एक जाने-माने अंतरिक्ष वैज्ञानिक ने कही, जो भारत के तीसरे चंद्र मिशन के संभावित अंत का संकेत है।

मिशन से सक्रिय रूप से जुड़े रहे अंतरिक्ष आयोग के सदस्य एवं इसरो के पूर्व अध्यक्ष ए एस किरण कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा, नहीं, अब इसके फिर सक्रिय होने की कोई उम्मीद नहीं है। अगर यह होना होता, तो अब तक हो जाना चाहिए था।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 22 सितंबर को कहा था कि नया चंद्र दिवस शुरू होने के बाद सौर ऊर्जा चालित 'विक्रम' लैंडर और 'प्रज्ञान' रोवर के साथ संपर्क स्थापित करने के प्रयास किए गए हैं ताकि उनके फिर से सक्रिय होने की संभावना का पता लगाया जा सके।

इसने कहा था कि फिलहाल उनकी (लैंडर और रोवर) ओर से कोई संकेत नहीं मिले हैं और संपर्क स्थापित करने के प्रयास जारी रहेंगे।

चंद्रयान-3 मिशन के साथ भारत ने 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में 'सॉफ्ट लैंडिंग' कर इतिहास रच दिया था और ऐसा करने वाला यह दुनिया का पहला देश बन गया था। इसके साथ ही भारत चंद्रमा पर सफल 'सॉफ्ट लैंडिंग' के साथ अमेरिका, पूर्ववर्ती सोवियत संघ और चीन के बाद ऐसा करने वाला विश्व का चौथा देश बन गया था।




## आनलाइन बाल यौन-शोषण सामग्री पर मंत्रालय सख्त, कई मंचों को नोटिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच और माध्यम एक्स, यूट्यूब और टेलीग्राम को नोटिस जारी कर उन्हें भारत में इंटरनेट पर अपने प्लेटफॉर्म से बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) को हटाने को कहा है। ऐसा न करने पर उसे गैरकानूनी कृत्य माना जाएगा और उन्हें माध्यम के रूप में मिला संरक्षण वापस ले लिया जाएगा। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, ''हमने एक्स, यूट्यूब और टेलीग्राम को नोटिस भेजा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके प्लेटफॉर्म पर कोई बाल यौन शोषण सामग्री मौजूद नहीं है। सरकार आईटी नियमों के तहत एक सुरक्षित और भरोसेमंद इंटरनेट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

चंद्रशेखर ने कहा,आईटी अधिनियम के तहत निर्धारित नियम सोशल मीडिया इंटरमीडियरीज से सख्त अपेक्षा रखते हैं कि उन्हें अपने प्लेटफॉर्म पर आपराधिक या हानिकारक पोस्ट की अनुमति नहीं देनी चाहिए। यदि वे तेजी से कार्रवाई नहीं करते हैं, तो आईटी अधिनियम की धारा 79 के तहत उनको प्राप्त सेफ हार्बर यानी सुरक्षा वापस ले ली जाएगी। और भारत के कानून के तहत उन्हें परिणाम भुगतने होंगे।'' मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार नोटिस में ऐसी सामग्रियों (पोस्ट आदि) को शीघ्राति शीघ्र व स्थायी रूप से हटाने या ऐसी व्यवस्था करने को कहा है ताकि उन समग्रियों को देखा या पढ़ा ही न जा सके।

### श्री माता वैष्णो देवी के वर्चुअल दर्शन की शुरुआत

**जम्मू/वार्ता।** श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने जम्मू कश्मीर के रियासी जिले के त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित मां वैष्णो देवी के भवन की ओर जाने वाले पांच स्थानों पर कियोस्क स्थापित करके प्राकृतिक गुफा के माध्यम से आभासी दर्शन की शुरुआत की है। जो तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए एक और ऐतिहासिक कदम है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने शुक्रवार को कहा, वैष्णो देवी भवन की ओर आने वाले विभिन्न स्थानों पर तीर्थयात्री पवित्र प्राकृतिक गुफा और माता रानी के वर्चुअल दर्शन कर पाएंगे।

# ‘स्नेह एक साधना है जो आत्मा को पवित्रता प्रदान करती है’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि स्नेह एक साधना है, एक बलिदान है जो आत्मा को पवित्रता प्रदान करती है और देता है त्याग की भव्य भावना। जिससे रस लोलुपता की पिपासा नहीं शान्त होती वरन् आत्मिक शान्ति प्राप्त होती है। स्नेह व्यथा नहीं देता, देता है सच्चा सन्तोष और अनन्त शान्ति। इसके विपरीत कुछ व्यक्ति स्वार्थ सिद्धि तथा सन्निकटता में ही स्नेह का स्थायित्व देखते हैं। किन्तु, स्वार्थ सिद्धि माया का अल्पकालिक बाह्य प्रदर्शन है तथा सन्निकटता मोह का प्रतिरूप है स्नेह नहीं। स्नेह और मोह में अन्तर है। एक है सूर्य तो दूसरा है दीपक। जिसके अध:भाग में विचार अन्धकार है और जो ज्योति है वह भी समयाधीन एवं क्षणिक। सूर्य सबको आलोक प्रदान करता है एक कर्त्तव्य की साधना के प्रतिरूप में, प्रतिदान की भावना से प्रेरित होकर नहीं। अत: उसका स्नेहालोक सर्वहिताय विश्वव्यापी है। मेघराज भंसाली ने बताया कि 9 अक्टूबर से वर्धमान तप का प्रारंभ होगा। शुक्रवार को दिलीपकुमार कांकरिया, कांतिलाल गांधीमुथा, कैलाश पटियात, संगीता पटियात, रिंकु पोरवाल, निराली पोरवाल ने संत दर्शन वंदन का लाभ लिया।

# राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है महिला न्यायाधीशों की संख्या में बढ़ोतरी : प्रधान न्यायाधीश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि अब यह राष्ट्रव्यापी स्तर पर हो रहा है।

प्रधान न्यायाधीश ने सुनवाई की शुरुआत में कहा, हम एक खुशखबरी साझा करना चाहते हैं। यहां (अदालत कक्ष की) पिछली पंक्ति में महाराष्ट्र के दीवानी न्यायाधीश कनिष्ठ प्रभाग के 75 न्यायाधीश बैठे हैं। कुल 75 न्यायाधीशों के इस समूह में से 42 महिलाएं और 33 पुरुष हैं। उन्होंने कहा, यह राष्ट्रव्यापी स्तर पर हो रहा है। महिला न्यायाधीशों की संख्या अधिक है।

इस दौरान न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के साथ न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी पीठ में मौजूद थे।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि वह दोपहर के भोजन के दौरान महिला न्यायाधीशों समेत कनिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे समेत कुछ वकीलों ने प्रधान न्यायाधीश से शीर्ष अदालत में महिला न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आज की गई नियुक्तियां 15 साल पहले उठाए गए कदमों का परिणाम हैं।

हाल में, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन’ के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने सीजेआई को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने न्यायपालिका में उच्च स्तर पर न्यायाधीशों के एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित किया था। उन्होंने हाल ही में संसद में पारित किए गए विधेयक का जिक्र किया, जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीट आरक्षित किए जाने का प्रावधान किया गया है।

तीन बार एससीबीए के अध्यक्ष रहे सिंह ने लिखा कि पटना, उत्तराखंड, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर के उच्च न्यायालयों में एक भी महिला न्यायाधीश नहीं है, जबकि शेष 20 उच्च न्यायालयों में 670 पुरुष न्यायाधीशों की तुलना में 103 महिला न्यायाधीश हैं।



# तेलंगाना ने सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए ‘मुख्यमंत्री नाश्ता योजना’ शुरू की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना में स्कूली छात्रों के लिए मुख्यमंत्री नाश्ता योजना शुरू की गई। इस योजना का उद्देश्य करीब 23 लाख सरकारी स्कूली छात्रों को भोजन उपलब्ध कराना है। के. टी. रामाराव समेत तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने औपचारिक रूप से विभिन्न जगहों पर योजना की शुरुआत की।

योजना की शुरुआत के बाद सूचना प्रौद्योगिकी एवं उद्योग मंत्री रामा राव ने कहा कि योजना समूचे राज्य में 27,147 सरकारी स्कूलों में लागू होगी। रामा राव ने कहा, नाश्ता बहुत लजीज है और इसका स्वाद भी बहुत अच्छा है। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि भोजन की गुणवत्ता बनी रहे और गुणवत्ता का बार-बार और नियमित रूप से परीक्षण करने के लिए नमूने एकत्र किए जाएं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में इसी तरह की एक योजना पहली कक्षा से पांचवी कक्षा तक के स्कूली बच्चों के लिए लागू की जा रही है। हालांकि, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव चाहते थे कि इसे कक्षा 10 तक के छात्रों के लिए लागू किया जाए। राज्य सरकार ने पहले 24 अक्टूबर, विजयादशमी के दिन से पहली कक्षा से 10वीं तक के स्कूली बच्चों के लिए इसे शुरू करने की योजना बनाई थी।



# वास्तुदोष को भी दूर करता है नंदावर्त यंत्र : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणेबेन्नूरु। शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में नंदावर्त यंत्र महापूजन हुआ्। पूजन के दौरान आचार्यश्रक्ष ने कहा कि नंदावर्त यंत्र और स्वातिक के चमत्कारों एवं फायदे बेहिसाब है। इसमें आकर्षण शक्ति वशीकरण शक्ति है। इसमें बिगड़े हुए कार्यों को, मनोकामनाओं को पूरी करने की शक्ति होती है। यदि आपके निवास स्थान में नकारात्मक ऊर्जा है, रुग्णता है या व्यापार चलने में समस्या आ रही है तो इस नंदावर्त यंत्र की पूजा व स्थापना करना चाहिए। इससे वास्तुदोष दूर होते हैं। नंदावर्त यंत्र मांगलिक चिन्ह है। इसकी रचना विशिष्ट तरीके से होती है ताकि घर में अनिष्ट का प्रवेश न हो। इसकी आकृति ही हमारा रक्षा कवच होती है। जब हम असुरक्षित है-चारों तरफ से फंस गए नंदावर्त मंत्र का स्मरण ध्यान करना चाहिए।

# महामारी के दौरान घर बैठकर काम करने वालों को हमें सिखाने का अधिकार नहीं है : शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सरकारी अस्पतालों में कई मरीजों की मौत को लेकर उनकी सरकार की आलोचना करने के लिए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर शुक्रवार को पलटवार किया और तंज कसते हुए कहा कि जिन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान फेसबुक लाइव करते हुए घर बैठकर काम किया, उन्हें दूसरों को सिखाने का अधिकार नहीं है।

शिंदे ने दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जब लोग कोरोना वायरस के संक्रमण से मर रहे थे तब कुछ लोग घर बैठकर नोट गिन रहे थे। इससे पहले, ठाकरे ने नांदेड और छत्रपति संभाजीनगर में सरकारी अस्पतालों में थोड़े समय में कई मरीजों की मौत को लेकर एकनाथ शिंदे नीत सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भ्रष्ट शासन की वजह से लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार बिना निविदा प्रक्रिया के दवाईयां खरीद रही है और उन्होंने इसकी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की। जब मुख्यमंत्री से ठाकरे की आलोचना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, दुनिया ने किसी मुख्यमंत्री को घर पर बैठकर मास्क लगाकर फेसबुक पर लाइव सत्र करते नहीं देखा। स्थिति यह थी कि जो लोग उनसे (ठाकरे) मिलने गए, उन्हें एंटीजेन जांच करानी पड़ती थी और दो घंटे तक इंतजार करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि उनके (ठाकरे) जैसे लोग मरीजों से मिलने के लिए अस्पतालों के दौरे पर पीपीई किट पहनते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड दौरा होगा ऐतिहासिक: गणेश जोशी



**नैनीताल/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड का दौरा अंतिम रूप ले चुका है। प्रधानमंत्री दिल्ली से पहले शिव की नगरी और प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंचेंगे तथा उसके बाद आदि कैलाश की यात्रा पर जायेंगे। उत्तराखंड के कुमाऊं के लिए उनका यह दौरा ऐतिहासिक साबित होगा। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को हल्द्वानी में पत्रकारों से बात करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ-केदारनाथ के बाद प्रधानमंत्री कुमाऊं मंडल के दौरे पर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रधानमंत्री 12 अक्टूबर को सुबह पहले जागेश्वर धाम पहुंचेंगे। यहां दर्शन के बाद चीन सीमा से सटे ज्योलिंकोंग जायेंगे और यहां आदि कैलाश के दर्शन करेंगे।

प्रधानमंत्री अंतिम गांव गुंजी भी जायेंगे और वहां लोगों के साथ ही भारत तिब्बत सीमा पुलिस के जवानों से मिलेंगे। उच्च हिमालयी क्षेत्र के ग्रामीण उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री पिथौरागढ़ जनपद मुख्यालय स्थित वल्दिया स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करेंगे तथा रात्रि विश्राम चंपावत के मायावती आश्रम में करेंगे। अगले दिन प्रधानमंत्री दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे। जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगला दशक उत्तराखंड का होगा। यह बात साबित हो रही है। चारधाम के बाद प्रधानमंत्री के दौरे से केदारनाथ आदि कैलाश की यात्रा ऐतिहासिक साबित होगी। सीमांत्र क्षेत्र में पर्यटन को चार चांद लगेंगे। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ में प्रस्तावित प्रधानमंत्री की जनसभा भी ऐतिहासिक होगी। उनके दौरे को लेकर प्रदेश की जनता उत्साहित है और पिथौरागढ़ में विशाल जनसभा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# रियल एस्टेट क्षेत्र की जबर्दस्त वृद्धि, हरित निर्माण पर ध्यान दें डवलपर : क्रेडाई अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शर्म-अल-शेख (मिस्र)/भाषा।** रियल एस्टेट क्षेत्र के निकाय क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने शुक्रवार को कहा कि इस उद्योग ने बीते दो साल में मजबूत उपभोक्ता मांग के दम पर जबर्दस्त वृद्धि की है और डेवलपर को अब हरित निर्माण पर ध्यान देने की जरूरत है। ईरानी ने यहां आयोजित क्रेडाई नैटकॉन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र जबर्दस्त ढंग से बढ़ रहा है और पिछले दो साल में घरों की बिक्री में तेज उछाल आया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद उपभोक्ताओं की तरफ से घरों की मांग बढ़ने से ऐसा हुआ है।

हालांकि, क्रेडाई अध्यक्ष ने अपने सदस्य बिल्डरों से कहा कि वे प्रदूषण में इस क्षेत्र की बड़ी हिस्सेदारी को देखते हुए निर्माण में हरित प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर दें। उन्होंने कहा, आपको टिकाऊ निर्माण पर जोर देना है। रियल एस्टेट क्षेत्र को हरित निर्माण प्रौद्योगिकी अपनाने और नए दौर की निर्माण सामग्रियों का इस्तेमाल करना है। हरित निर्माण महंगा नहीं है। इस दिशा में आगे बढ़ने में संगठन अपने सदस्यों की मदद करेगा।

क्रेडाई प्रमुख ने कहा कि संगठन ने इस क्षेत्र में वर्ष 2050 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन का पहले ही संकल्प लिया हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से आवास खंड में डेवलपर को इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) की सुविधा देने की मांग भी की। फिलहाल निर्माणाधीन फ्लैट पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगता है और इस पर आईटीसी लाभ भी नहीं मिलता है।



# ‘गुरु के बिना परमात्मा का परिचय भी असंभव है’

**बेंगलूरु।** शहर के शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ एलएन पुरम, श्रीरामपुरम में विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी व श्रमणपद्मसागरजी के सान्निध्य में महोत्सव के सातवें दिन में गुरु गौतमस्वामी का महापूजन हुआ। संतश्री ने कहा कि ऐसे अनंत लब्धि निधान गुरु गौतम स्वामी की पूजन करने से लब्धि की प्राप्ति होती है। शरीर में रहे हुए रोग भी गौतमस्वामी गुरु की मूर्ति का प्रक्षालन करके दूर हो जाते हैं। उनके पक्षाल के जल से चर्मरोग समाप्त हो जाते है। गुरु के मुखारविंद से सभी को मंत्र की सिद्धि होती है। परमात्मा का परिचय सिर्फ गुरु ही करवा सकते हैं गुरु के बिना परमात्मा के परिचय नहीं होता।

संघ सचिव नरेंद्र आच्छा ने बताया कि शनिवार को ऋषिमंडल महापूजन व रविवार को पारसनाथ भगवान महापूजन होगा। महापूजन में विनोद सघंवी, सुरेश भंडारी, जवरीलाल मुथा, प्रसन्न चंडालिया, प्रकाश बंब, मांगीलाल जैन, चंदनमल भंसाली, हीरालाल डोशी, पारसमल कटारिया आदि गणमान्य उपस्थित थे। विमल शांति महिला मंडल ने स्नात्र पूजा का आयोजन किया।

# पर्यवेक्षकों से हिंसा मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने को कहा: मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार



**नई दिल्ली/भाषा।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से पहले शुक्रवार को निर्वाचन आयोग ने एक अहम बैठक की जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पर्यवेक्षकों से आगामी चुनावों में धनबल पर पूरी तरह से नियंत्रण लगाने के साथ ही हिंसा मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने को कहा। निर्वाचन आयोग के पुलिस, सामान्य और व्यय पर्यवेक्षकों की दिनभर चली बैठक का उद्देश्य रणनीति को सुव्यवस्थित करना था ताकि आदर्श आचार संहिता प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके तथा धन एवं बाहुबल चुनावों को प्रभावित न करे।

छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम और राजस्थान में नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। कुमार ने ‘पीटीआई-भाषा’ से कहा कि पर्यवेक्षकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि चुनाव हिंसा मुक्त हों और धनबल की बुराई को पूरी तरह से नियंत्रित किया जाए। आयोग ने अब तक राजस्थान, मिजोरम, मप्र वछत्तीसगढ़ में चुनाव तैयारियों का जायजा लिया है।

# मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए इस्पात निर्मित पहला पुल बन कर तैयार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सूरत/वार्ता।** मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए इस्पात निर्मित पहला पुल बन कर तैयार हो गया है। गुजरात के सूरत शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग -53 पर यह पहला स्टील पुल बनाया गया है। मुख्य पुल की लंबाई 70 मीटर और वजन 673 टन है। जबकि पुल के उत्तरी छोर पर लॉन्चिंग नोज की लंबाई 38 मीटर और वजन 167 टन है।

यह पुल हाई स्पीड रेल कॉरिडोर पर प्रस्तावित 28 स्टील पुलों में से पहला है। इन स्टील पुलों के निर्माण में लगभग 70 हजार टन स्टील का उपयोग होने का अनुमान है। इन स्टील ब्रिज स्पैन की लंबाई 60 मीटर से लेकर 130+100 मीटर ’कंटीन्यूअस स्पैन’ तक होगी। ये पुल जापानी विशेषज्ञता के साथ बनाए जा रहे हैं जिन पर कंक्रीट से ट्रैक बेड और उस पर ट्रैक स्लैब बिछाए जाएंगे।

राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे और रेलवे लाइनों को पार करने के लिए स्टील पुल सबसे उपयुक्त माने जाते हैं। वहीं दूसरी ओर, 40 से 45 मीटर तक के प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट पुल, नदी पुलों सहित अधिकांश वर्गों के लिए उपयुक्त होते हैं। भारतीय इंजीनियरों के पास 100 से 160 कि.मी. प्रति घंटे के बीच चलने वाली भारी मालवाहक और सेमी-हाई स्पीड ट्रेनों के लिए स्टील पुल बनाने की विशेषज्ञता है। इसके अलावा यह पहली बार है कि 320 कि.मी. प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली शिंकानसेन बुलेट ट्रेन के लिए करने वाला स्टील का पुल बनाया और सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया।

# अजित पवार ने निर्वाचन आयोग के समक्ष महाराष्ट्र से 42 विधायकों और दो सांसदों के समर्थन का दावा किया



**नई दिल्ली/भाषा।** निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नाम और चुनाव चिन्ह पर दावा कर रहे शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले दोनों गुटों से उनका पक्ष जाना। राकांपा के संस्थापक शरद पवार निर्वाचन आयोग द्वारा दोनों गुटों की हुई सुनवाई के दौरान उपस्थित थे। आयोग ने आगे नौ अक्टूबर को कार्यवाही जारी रखने का फैसला किया। पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर दावा करते हुए निर्वाचन आयोग का रुख करने वाले महाराष्ट्र के उप मुख्यमत्री अजीत पवार ने कहा कि उन्हें महाराष्ट्र में राकांपा के 53 में से 42 विधायकों, नौ में से छह विधान परिषद सदस्यों, नागालैंड से सभी सात विधायकों और लोकसभा एवं राज्यसभा के एक-एक सदस्य का समर्थन प्राप्त है। सुनवाई के दौरान शरद पवार की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी निर्वाचन आयोग के समक्ष उपस्थित हुए। अजित पवार की ओर से वरिष्ठ वकील एनके कौल और मनिंदर सिंह मौजूद थे।

# बैठक में मंदिर निर्माण को लेकर हुई चर्चा

**बेंगलूरु।** सीरवी समाज ट्रस्ट सुकंदकट्टे आईमाता वडेर में ट्रस्टी सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें आईमाता मंदिर व समाज भवन निर्माण के लिए गहन चर्चा हुई। भवन निर्माण कमेटी के सदस्य चुनने हेतु पांच सदस्यों की एक समिति का गठन किया गया, जिसमें इन्द्रलाल सोलंकी, घीसूलाल चोयल, पूर्व अध्यक्ष खेमाराम पंवार, मांगीलाल परिहार, पूर्व सह सचिव अशोक परिहार को चुना गया । इस कार्यक्रम में वडेर के अध्यक्ष रूगाराम चोयल ने सभी ट्रस्टियों को धन्यवाद दिया। सचिव हनुमानराम बर्फा ने जानकारी दी। बैठक में कोषाध्यक्ष घीसाराम सोलंकी, सहकोषाध्यक्ष रतनाराम पंवार, उपाध्यक्ष लक्ष्मणराम पंवार, सहसचिव भंवरलाल गेहलोत, भानाराम गेहलोत, मांगीलाल काग, बाबूलाल गेहलोत, पूर्व अध्यक्ष चेलाराम गेहलोत आदि उपस्थित थे।

# विदेशी मुद्रा भंडार 3.79 अरब डॉलर घटकर 586.91 अरब डॉलर रहा

**मुंबई/भाषा।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 3.794 अरब डॉलर घटकर 586.908 अरब डॉलर रह गया। इसके पहले के सप्ताह में देश का कुल मुद्रा भंडार 2.335 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 590.702 अरब डॉलर था। अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम से पैदा हुए दबावों के बीच आरबीआई ने रुपए की विनिमय दर में गिरावट को रोकने के लिए इस पूंजी भंडार का उपयोग किया था जिससे विदेशी मुद्राभंडार में कमी आई। साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 29 सितंबर को विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.127 अरब डॉलर घटकर 520.236 अरब डॉलर रही।

# पार्टी फिर सरकार बनाती है तो वह छत्तीसगढ़ में बिहार की तरह जातीय जनगणना कराएगी : प्रियंका गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कांकेर/भाषा।** कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया है कि यदि उनकी पार्टी फिर सरकार बनती है तब राज्य में बिहार की तरह जाति आधारित जनगणना कराएगी। कांकेर जिले के गोविंदपुर में शुक्रवार को ’नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन’ को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने जनता से सरकार बनने पर गरीबों के लिए 10 लाख मकान बनाने का भी वादा किया। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार अमीर लोगों के लिए है और उसे गरीबों एवं मध्यम वर्ग की कोई चिंता नहीं है।

प्रियंका गांधी ने कहा, अगर कांग्रेस पार्टी फिर छत्तीसगढ़ में सत्ता में आती है, तो बिहार में किए गए जातिगत सर्वेक्षण की तर्ज पर इस राज्य में भी जातिगत जनगणना कराई जाएगी। छत्तीसगढ़ में इस घोषणा को अन्य पिछड़ा वर्ग को लुभाने के लिए एक बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो राज्य की आबादी का लगभग 45 प्रतिशत है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, मोदी जी कहते हैं कि यह उनकी गारंटी है (वह जो भी वादा करते हैं उसे पूरा करने की) लेकिन हर नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख रुपए जमा करने और करोड़ों रोजगार पैदा करने की मोदी की गारंटी का क्या हुआ? जब भी कोई सवाल पूछा जाता है तो मोदी जी एक नई गारंटी दे देते हैं। उनकी गारंटी खोखली गारंटी है।

वाड्रा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश में किसानों को कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा, देश में किसान प्रतिदिन 27 रुपए कमा रहे हैं, लेकिन अडानी और अन्य उद्योगपति प्रतिदिन 1,600 करोड़ रुपए कमा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, वे (भाजपा) बस यही चाहते हैं कि देश की संपत्ति उनके उद्योगपति मित्रों को सौंप दी जाए और फिर इसे उनके माध्यम से पार्टी में भेज दिया जाए। और फिर वे चुनावों में (पैसा) खर्च करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य सत्ता में बने रहना है, जनता का कल्याण नहीं है।

प्रियंका गांधी ने राज्य में रमन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार (2003-2018 तक) पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा शासन के दौरान राज्य में हिंसा का शासन था, जबकि कांग्रेस ने पांच वर्षों में राज्य को हिंसा के चंगुल से बाहर निकाला।

# महेंद्र सिंह धोनी बने रिलायंस रिटेल के जियोमार्ट के ब्रांड एंबेसडर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** रिलायंस रिटेल के जियोमार्ट ने भारतीय क्रिकेट आइकन महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। जियोमार्ट ने इसके साथ ही आठ अक्टूबर से शुरु होने वाले फेस्टिव कैंपेन सेल का नाम बदल कर ‘जियो उत्सव, सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया’ कर दिया है।

आज यहां इस अवसर पर धोनी ने कहा, भारत अपनी जीवंत संस्कृति, लोगों और त्योहारों के लिए जाना जाता है, जियोमार्ट का ‘जियो उत्सव कैंपेन’ भारत और उसके लोगों के उत्सव का एक प्रतीक है। मैं जियोमार्ट के साथ जुड़ने और लाखों भारतीयों की खरीदारी यात्रा का हिस्सा बनने पर बेहद उत्साहित हूं।

धोनी का ब्रांड एंबेसडर के तौर पर स्वागत करते हुए जियोमार्ट के सीईओ, संदीप वरागंती ने कहा, ब्रांड एंबेसडर के रूप में एमएस धोनी एकदम सटीक पसंद हैं, उनका व्यक्तित्व जियोमार्ट की तरह ही विश्वसनीय है। धोनी ने देश को जश्न मनाने के कई मौके दिए हैं, और अब ग्राहकों को जियोमार्ट पर जश्न मनाने का एक और मौका मिल रहा है और ‘शॉपिंग’ इस जश्न का एक अभिन्न अंग है।

सीईओ वरागंती ने धोनी को बिहार की कारीगर अंबिका देवी द्वारा बनाई गई एक मधुबनी पेंटिंग भेंट की। ब्रांड एंबेसडर के तौर पर धोनी 45 सेकेंड की फिल्म में नजर आएंगे।

# सिद्दरामैया ने भाजपा-जद (एस) के गठबंधन को 'अपवित्र' करार दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चित्रदुर्गा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं जनता दल-एस(जद-एस) के बीच हुए गठबंधन को शुक्रवार को ''अपवित्र'' करार दिया। उन्होंने एक 'सांप्रदायिक दल' से हाथ मिलाने के बाद जद-एस की धर्मनिरपेक्ष साख को लेकर भी सवाल उठाया। सिद्दरामैया ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जद-एस के नाम में भले ही सेक्युलर' (धर्मनिरपेक्ष) शब्द का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन उसने 'सांप्रदायिक ताकतों' के साथ हाथ मिला लिया है। उन्होंने कहा, उनका (जद-एस) एक सांप्रदायिक दल के साथ गठबंधन है।उन्होंने कहा, यह एक अपवित्र गठबंधन है, क्योंकि अब तक भाजपा जद (एस) को अपशब्द कहती थी और जद (एस) भाजपा के लिए अपशब्द कहा करती थी, लेकिन अब वे एक साथ आ गए हैं। जद (एस) ने दावा किया है कि उन्होंने पार्टी को बचाने के लिए विचारधारा को त्याग दिया है। जद (एस) के वरिष्ठ नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने पिछले महीने नयी दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा से मुलाकात की थी, जिसके बाद जद(एस) और भाजपा ने गठबंधन करने का फैसला किया था। सिद्दरामैया ने जिला मुख्यालय शहर शिवमोग्गा के हिंसा प्रभावित क्षेत्र में एक 'तथ्यान्वेषण' समिति भेजने को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, वे किन तथ्यों की तलाश करेंगे? वहां क्या है? वे किस बारे में तथ्य पता लगाएंगे। उन्होंने कहा कि ईद मिलाद जुलूस के दिन पथराव करने वाले



उपद्रवियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है और पुलिस को निर्देश दिया गया है कि उपद्रवी भले ही किसी भी धर्म या पार्टी से जुड़े हों, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।उन्होंने कहा, हमने पुलिस को निर्देश दिया है कि कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत किसी को भी न दी जाए। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की एक तथ्यान्वेषण समिति ने बृहस्पतिवार को शिवमोग्गा का दौरा किया था।कांग्रेस सरकार द्वारा अपनी गारंटी योजनाओं (कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनाव से पहले किए वादों) के लिए राज्य में विकास को बाधित किए जाने को लेकर भाजपा के आरोपों के संबंध में सवाल पूछने पर मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राज्य की आर्थिक स्थिति भाजपा ने खराब की है।

उन्होंने कहा, ''उन्होंने (भाजपा ने) ही राज्य को बर्बाद किया, उन्हें क्या नैतिक अधिकार है? क्या हमने (कांग्रेस सरकार ने) अपने कार्यकाल में इतना कर्ज लिया था?... राज्य की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने के बाद वे अब इस पर बात कर रहे हैं, क्योंकि वे अब विपक्ष में हैं।'' सिद्दरामैया ने कहा कि विकास कार्यों के लिए विधायकों को नियमित अनुदान दिया जा रहा है और नयी परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त धन फिलहाल आवंटित नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा, नियमित कार्यक्रमों और पांच गारंटी योजनाओं के लिए भी धन की कोई कमी नहीं है।

# कर्नाटक सरकार भ्रामक सूचना एवं फर्जी खबर से निपटने के लिए तथ्यान्वेषी दल का गठन करेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने 'इंफॉर्मेशन डिसऑर्डर टैकलिंग यूनिट-आईडीटीयू' (भ्रामक सूचना से निपटने वाली



इकाई) के गठन के लिए एजेंसियों को सूचीबद्ध करने के मकसद से एक 'अभिरूचि पत्र' (ईओआई) जारी किया है, जिसका लक्ष्य गलत एवं भ्रामक सूचना तथा फर्जी खबरों से निपटना है। कर्नाटक इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी सोसाइटी (केआईटीएस) ने ईओआई जारी किया है और प्रस्ताव जमा करने की अंतिम समय सीमा 16 अक्टूबर है।

सूचना प्रौद्योगिकी/जैव प्रौद्योगिकी (आईटी/बीटी) मंत्री प्रियंक खरगे ने कहा कि कर्नाटक सरकार गलत, भ्रामक सूचना एवं फर्जी खबरों से निपटने के बारे में गंभीर है। सरकार के लिए इस तरह की इकाई के गठन के इरादे से ईओआई जारी किया गया है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, ईओआई में शामिल चीजें इस प्रकार हैं : तथ्य प्रमाणन टीम - इस समूह में गलत सूचना की पहचान एवं इससे निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा चयनित निष्पक्ष तथ्य अन्वेषण संगठन होगा, विश्लेषण दस्ता: आंकड़ों के विश्लेषण एवं कृत्रिम मेधा जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल होगा, यह टीम सक्रिय रूप से गलत सूचना के तंत्र की निगरानी करेगी; क्षमता विकास टीम: यह टीम गलत सूचना तंत्र की उपस्थिति और परिणामों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए सार्वजनिक जागरूकता अभियान का नेतृत्व करेगी। इसके लिए ईओआई जारी करने का उद्देश्य आईडीटीयू के इन तीन घटकों में से प्रत्येक के लिए उपयुक्त एजेंसियों की पहचान करना है।

# बेंगलूरु में 100 से अधिक व्यापारिक प्रतिष्ठानों, गोदामों पर की छापेमारी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । वाणिज्यिक कर विभाग ने अघोषित गोदामों में बेहिसाब भंडार रखने और कर चालान जारी किए बिना माल को बेचने के बारे में जानकारी मिलने के बाद यहां चिकपेट और आसपास के इलाकों में 100 से अधिक व्यापारिक प्रतिष्ठानों तथा गोदामों पर छापेमारी की है। वाणिज्यिक कर आयुक्त (कर्नाटक) सी. शिखा के अनुसार, ये प्रतिष्ठान कपड़ा, सिलेसिलाए परिधान, बिजली के सामान, घरेलू सामान आदि के व्यापार से जुड़े हैं। उन्होंने इसे कर चोरी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्रवाई बताया और कहा कि बृहस्पतिवार को की गई छापेमारी की अच्छी तरह योजना बनाई गई थी। कुछ गोदाम अघोषित थे। शिखा ने बयान में कहा कि कितने की कर चोरी की गई इसका पता लगाने के लिए विभाग व्यवसायों के वित्तीय रिकॉर्ड और अन्य सबूतों की जांच कर रहा है।

# मस्जिद के सामने पूजा की अनुमति देने पर तीन पुलिसकर्मी निलंबित

कोप्पल। कर्नाटक पुलिस विभाग ने कोप्पल में एक मस्जिद के सामने गणेश प्रतिमा की पूजा की अनुमति देने के लिए तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। जिला, पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गंगावती सिटी पुलिस स्टेशन से जुड़े इंस्पेक्टर अदिवेश गदिकोप्पा, पीएसआई कामन्ना और हेड कांस्टेबल मरियप्पा होसामानी को निलंबित किया गया।

# शिवमोग्गा ईद हिंसा पर भाजपा समाज को बांट रही है : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शुक्रवार को भाजपा पर समाज को बांटने का आरोप लगाया। वह भाजपा के आरोपों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिनमें कहा गया था कि शिवमोग्गा शहर में भय का माहौल बनाने के लिए



हिंदुओं को निशाना बनाया गया, जहां हाल ही में ईद मिलाद जुलूस के दौरान हिंसा हुई थी।

पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार लोगों को एक साथ लाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, हमारे जिला प्रभारी मंत्री ने शिवमोग्गा शहर में हिंदुओं और मुसलमानों से मुलाकात की और उनसे बात की। उन्होंने उन्हें धैर्यपूर्वक सुना है। शिवकुमार ने कहा, यहां किसी की रक्षा करने का कोई सवाल ही नहीं है। जिसने भी कानून का उल्लंघन किया है और अपराध किया है, उसे दंडित किया जाएगा। लेकिन, भाजपा नेता अपनी सूची के अनुसार चयनित घरों में गए थे।

शिवकुमार ने कहा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में एस.एम. कृष्णा के कार्यकाल के दौरान कुवेम्पु द्वारा लिखी गई कविता को क्षेत्रीय गान के रूप में बनाया गया था।

गान कहता है कि कर्नाटक सभी लोगों का एक सुंदर उद्यान है और यह वह संदेश है जो कांग्रेस पार्टी दे रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य सभी लोगों का सुंदर बगीचा बनाना है जैसा कि क्षेत्रीय गीत में कहा गया है। भाजपा की तथ्यान्वेषी समिति अपनी योजनाबद्ध स्क्रिप्ट पर अमल कह रही है। हम समाज को एकजुट कर रहे हैं और वे इसे विभाजित कर रहे हैं।



# दक्षिण पश्चिम रेलवे में अवसंरचना सदस्यों द्वारा कार्यों का निरीक्षण एवं सत्यापन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शुक्रवार को रेलवे बोर्ड के इंफ्रास्ट्रक्चर सदस्य रूपनारायण सुनकर ने दक्षिण पश्चिम रेलवे के बेंगलूरु खंड का दौरा किया। उन्होंने यशवंतपुर और बेंगलूरु कैंट रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैयप्पनहल्ली-व्हाइटफील्ड फोर-लेन खंड और होसुर-बैयप्पनहल्ली खंड के कार्यों का भी निरीक्षण किया। बाद में, नारायण सुनकर ने दक्षिण पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ बेंगलूरु डिवीजन, रेलवे निर्माण निगम, गति शक्ति, के-राइड, कर्नाटक रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अथॉरिटी और रेल विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ प्रबंधक सम्मेलन कक्ष में डिवीजनल रेलवे की प्रगति पर समीक्षा बैठक की।

उन्होंने कार्य की प्रगति की सराहना एवं प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सभा के साथ अपने विचार और अनुभव साझा किये। इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक, बेंगलुरु मंडल योगीश मोहन; मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण मंडल, दक्षिण पश्चिम रेलवे एस.पी.एस. गुप्ता; प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, दक्षिण पश्चिम रेलवे वी.के. अग्रवाल; प्रधान वित्तीय सलाहकार और मुख्य लेखाकार, निर्माण प्रभाग अंजू रंजन; प्रधान मुख्य अभियंता, दक्षिण पश्चिम रेलवे राम गोपाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## सेक्स वर्कर हत्या मामला

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने रिहाई का आदेश किया रद्द, आरोपी को आजीवन कारावास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के रिहाई आदेश को रद्द करते हुए यौनकर्मी की हत्या और उसे लूटने के मामले में एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस विभाग ने मैसूर के सत्र न्यायालय के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। आरोपी व्यक्ति की पहचान के.सी. गिरीशके रूप में की गई है। वह मंड्या जिले के कोरामेनाहल्ली के रहने वाला है। न्यायमूर्ति एच.बी. प्रभाकर शास्त्री और जस्टिस अनिल बी कट्टी की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश दिया। आरोपी पीड़िता को 18 सितंबर 2010 को मैसूरु के एक होटल में ले गया था। उन्होंने होटल के कमरे को अपने नाम पर पंजीकृत किया था और दावा किया था कि वे दंपति हैं।

पुलिस ने बताया कि शारीरिक अंतरंगता के बाद आरोपी ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी और उसके गहने, नोकिया फोन और नकदी लूट ली। उसने गहने गिरवी रखकर पैसे ले लिए थे। मामला अगले दिन सामने आया था और लश्कर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने मामले को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

इस संबंध में स्थानीय अदालत में आरोप पत्र भी दाखिल किया गया था. हालांकि, सातवें अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने आरोपी को मामले से बरी कर दिया और 25 अप्रैल, 2016 को रिहा कर दिया। पुलिस ने उच्च न्यायालय में इस आदेश पर सवाल उठाया था।

# कर्नाटक में शराब की और दुकानें नहीं खोली जाएंगी : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चित्रदुर्गा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को कहा कि सरकार राज्य में शराब की और दुकानें नहीं खोलेगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, नहीं हम नहीं खोलेंगे...किसने कहा कि हम खोल रहे हैं? मंत्री ने कहा है कि हम इस पर विचार करेंगे, लेकिन हम खोलेंगे नहीं।

कर्नाटक के आबकारी विभाग ने तीन हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में शराब की दुकानें खोलने के संबंध में सरकार को एक प्रस्ताव भेजा है।

विपक्षी दलों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (एस) ने इस प्रस्ताव को जन विरोधी बताते हुए सरकार से इसे मंजूरी नहीं देने का अनुरोध किया है। राज्य में विभिन्न सरकारी बोर्ड और निगम के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अध्यक्षों और निदेशकों के रूप में नियुक्तियां जल्द ही की जाएंगी।

The Court of District Judge, Araria
Ref :- Probate Case No.- 18/2022
**Sanjaykumar Sethiya & Others..... Petitioners**
**V/s**
**Pawan Kr. Sethiya & Others....... O.P.**

(I) Sushila Kothari D/o Late Meghraj Sethia and wife of Binaypat Kothari c/o Harshit Kothari, official colony, 2nd Lane, Maharani Path, Near Jaishree Nursing House, Vishakha patanam A.P.
(ii) Kiran Bachhawat D/o Late Meghraj Sethia w/o Sarmendra Singh Bachhawat Jainy patti, Azimganj, Murshidabad, W.B.
(iii) Shakuntala Lodha D/o Late Meghraj Sethia w/o Ashok Kumar Lodha present address BMJ Apparels, No.-98 & 93 3d cross, Azeez suit Industrial Town, Nayandahalli, Mysore Road, Bengalore-560039 and residence at no.- 13, 3rd floor, 2nd cross, Barappa Layout Pattanagar Bangalore, South Bangalure, Rajarajeshwar Nagar, Karnataka, pin- 560098.
(iv) Kanchan Baid D/o Late Meghraj Sethia W/o Manindra Singh Baid, 35 Ratan Babu Road, Near North Suburban Hospital, Cossipore, Kolkata,
(v) Sunita Duggar D/o Late Meghraj Sethia W/o Kishor Duggar, Resident of Mahajan patti, Amin Khata, Jiaganj, District Murshidabad, West Bengal.
(vi) Priti Kumari @ Pari Kumari D/o Late Meghraj Sethia w/o Rajesh Kothari 24, Badari Das Temple, Street Manik Talla, Kolkata-4 West Bengal.
(vii) Durga kumbhat@some Devi Kumbhat D/o Late Meghraj Sethia w/o Suresh w/o Suresh kumar Kumbhat Jain, Sagar Digghi, Papra Sagardighi, Murshidabad, W.B. 742226.

That the above noted Probate case is pending for your appearance but after the issuance of General Summons and Registered post summons by this court you all did not appear in above noted probate case. Hence, you are directed to appear before the court either in person or through your lawyer and to make proper privy in this case otherwise this probate case will be proceeded Ex-party against you. Next date 25/08/2023 - 28/11/2023.
Note: Treat it urgent.
This Gazzate Published in our sign and court seal.
Signature,
06.04.23 District Judge, Araria

# केंद्रीय टीम के सामने किसान ने की आत्महत्या की कोशिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। राज्य में सूखे की स्थिति का आकलन करने के लिए आई एक केंद्रीय टीम के बेलागावी जिले के दौरे के दौरान शुक्रवार को एक किसान ने उनके सामने ही आत्महत्या का प्रयास किया। जब टीम खेतों और कृषि क्षेत्रों का दौरा कर रही थी, किसान कीटनाशक की एक बोतल लेकर अधिकारियों के पास पहुंचा और उसे पीने की कोशिश की। हालांकि, त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों ने उससे बोतल छीन ली।

परेशान अप्पासाहेब लक्कुंडी ने तब कहा कि उसने 40 एकड़ में जो फसल उगाई थी वह सूखे के कारण पूरी तरह से नष्ट हो गई, जिसके कारण उसे यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उसने उन अधिकारियों पर भी नाराजगी व्यक्त की जो किसानों के पास जाते हैं, उन्हें मुआवजे का वादा करते हैं और फिर इसके बारे में कुछ नहीं करते हैं।

लक्कुंडी ने अफसोस जताया कि राज्य सरकार के पास महिलाओं के लिए मुफ्त योजनाएं हैं लेकिन किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। टीम के साथ आए बेलगावी डीसी नितेश पाटिल ने जिले में सूखे की गंभीर स्थिति के बारे में बात की। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने गुरुवार को अंतरमंत्रालयी केंद्रीय टीम से बातचीत की और उनसे राज्य के किसानों के हित में उचित कदम उठाने को कहा। केंद्रीय टीम को राज्य में सूखे की स्थिति के बारे में बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय दिशानिर्देशों के अनुसार 195 तालुकों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। अन्य 32 तालुके निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं।

राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून में देरी और बारिश की कमी के कारण किसान परेशान हैं। नब्बे प्रतिशत फसल बोई जा चुकी है, जिसमें से 42 लाख हेक्टेयर से अधिक फसल को नुकसान हुआ है। किसानों के खेत हरे हैं लेकिन उपज नहीं होती। मुख्यमंत्री ने मौजूदा स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि राज्य में हरित सूखा है। उन्होंने राय दी कि टीम को दौरे के दौरान स्थिति को समझना चाहिए और केंद्र सरकार को इस बारे में समझाना चाहिए ताकि वे राज्य में किसानों की दुर्दशा पर तुरंत प्रतिक्रिया दें।

# मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में पंजाब का किसान गिरफ्तार

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । करोड़ों रुपये के बिटकॉइन मामले और इसी तरह के अपराधों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों ने कर्नाटक सरकार के ई-खरीद पोर्टल की हैकिंग के 2019 मामले में पंजाब के एक किसान को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के कपूरथला के हरविंदर सिंह के रूप में हुई है। सीआईडी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मनीष खरबिकर के नेतृत्व में एसआईटी ने सिंह को 29 सितंबर को पंजाब से गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। खरबिकर ने बताया कि हरविंदर सिंह को अपराध की आय को वैध बनाने में शामिल होने के लिए गिरफ्तार किया गया है। मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 21 हो गई है।

दिसंबर 2019 में, राज्य सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट सेल के एक अधिकारी ने सीआईडी के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि अज्ञात व्यक्तियों ने पोर्टल को हैक कर लिया था और अनधिकृत फंड ट्रांसफर शुरू किया था, जिससे कई करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## प्रदर्शन




शुक्रवार को बेंगलूरु के फ्रीडम पार्क में कावेरी जल मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन जारी रखते हुए कर्नाटक जल संरक्षण समिति के सदस्य।

# जल्लीकट्टू स्टेडियम 15 दिसंबर तक तैयार हो जाएगा

मदुरै। लोक निर्माण, राजमार्ग और छोटे बंदरगाह मंत्री ईवी वेलु ने गुरुवार को कहा कि मदुरै जिले के अलंगनल्लूर के पास कीलाकराई में चल रहे बहुप्रतीक्षित जल्लीकट्टू स्टेडियम का निर्माण इस साल 15 दिसंबर को पूरा हो जाएगा। मंत्री ने कार्यों का निरीक्षण किया और कहा कि अब तक लगभग 75 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है। स्टेडियम में सांडों, वश में करने वालों और दर्शकों के लिए पर्याप्त सुविधाओं के साथ सहायक बुनियादी ढांचा होगा। ढांचागत परियोजना पर, लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि इस परियोजना को काफी बेहतर 'वादीवासल' (अखाड़ा द्वार), पशु चिकित्सा औषधालय, प्रशासनिक ब्लॉक, वश में करने वालों और सांडों के लिए स्क्रीनिंग सेंटर, सांड पंजीकरण बिंदु, एक संग्रहालय बनाने के लिए डिजाइन किया गया था ताकि इसकी प्रतिकृति बनाई जा सके।

# बिहार में लोहे का पुल चोरी होने के बाद अब बेंगलूरु में बस स्टॉप शेल्टर 'गायब'!

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। बिहार में लोहे का पुल चोरी होने के बाद अब कर्नाटक की राजधानी में एक बस स्टॉप शेल्टर 'गायब' होने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, इस शेल्टर पर 10 लाख रुपए की लागत आई थी। यह बेंगलूरु में कनिंघम रोड पर स्थापित किए जाने के एक सप्ताह बाद अपने स्टील के ढांचे सहित चोरी हो गया। शेल्टर का प्रबंधन बेंगलूरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (बीएमटीसी) द्वारा किया जा रहा था। इस संबंध में कंपनी के एसोसिएट उपाध्यक्ष एन रवि रेड्डी ने घटना के करीब एक महीने बाद 30 सितंबर को शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

बता दें कि शहर में यह इस तरह की पहली घटना नहीं है। इसी साल मार्च में एचआरबीआर लेआउट में तीन दशक पुराना बस स्टैंड भी रातोंरात 'गायब' हो गया था। बताया गया कि कल्याण नगर में उक्त बस स्टैंड साल 1990 में दान में दिया गया था। उसके बाद किसी कारोबारी प्रतिष्ठान के लिए रास्ता बनाने के प्रयास में उसे रातोंरात हटा दिया गया था। इसी तरह साल 2015 में लोग उस समय हैरान रह गए थे, जब एक स्कूल के पास डूपनहल्ली बस स्टॉप भी रातोंरात गायब हो गया था। वहीं, साल 2014 में राजराजेश्वरीनगर में एक बस स्टॉप गायब हुआ था, जो वहां करीब दो दशकों से मौजूद था।

# अपने अपहरण का नाटक रचने और फिरौती मांगने वाला व्यक्ति दोस्तों के साथ गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कथित रूप से अपने अपहरण का नाटक रचने तथा नियोक्ता से दो लाख रुपये की फिरौती की मांग करने को लेकर एक व्यक्ति और उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि नुरुल्लाह खान और उसके साथी जिला मुख्यालय शहर मंड्या में हैं, जहां से उन्हें पकड़ा गया और फिर गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार, खान आसानी से पैसा बनाना चाहता था, इसलिए उसने अपने अपहरण का नाटक रचा तथा अपने नियोक्ता से दो लाख रुपये की फिरौती मांगी। उसने अपनी इस साजिश को अमली-जामा पहनाने के लिए अपने दो दोस्तों की मदद ली। पुलिस ने बताया कि खान पिछले पांच-छह साल से एक फैक्टरी मालिक के यहां काम रहा था तथा फैक्टरी मालिक उसे बेटा की तरह मानता था, लेकिन उसने उसे ही धोखा देने एवं आसानी से पैसा बनाने का मन बना लिया। पुलिस के मुताबिक, अपनी योजना के तहत खान ने नियोक्ता को फोन किया और उसे बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के एक समूह ने उसे कैब में अगवा कर लिया है एवं अब वे उससे फिरौती के तौर पर दो लाख रुपये मांग रहे हैं।

## राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट (एनपीएस ट्रस्ट)
(पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा विनियमित)
14वीं मंजिल, आईएफसीआई टावर, 61, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली, दिल्ली 110019

07.10.2023

### भर्ती सूचना

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट (एनपीएस ट्रस्ट) की स्थापना पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा ग्राहकों के सर्वोत्तम हित में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और पीएफआरडीए द्वारा अधिकृत अन्य योजनाओं के तहत संपत्तियों और निधियों की देखभाल के लिए भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 के प्रावधानों के अनुसार की गई है।

2. एनपीएस ट्रस्ट नीचे दिए गए विवरण के अनुसार अधिकारी ग्रेड डी (उप महाप्रबंधक) के पद को भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:

| ग्रेड | स्ट्रीम | पदों की संख्या | | | | | | किस पीडब्लू बीडी में से |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | यूआर / सामान्य | ओबीसी | एससी | एसटी | ईडब्ल्यूएस | कुल | |
| ग्रेड डी (उप महाप्रबंधक) | जोखिम प्रबंधन | 1 | – | – | – | – | – | – |

3. विस्तृत विज्ञापन जिसमें पात्रता मानदंड, चयन का तरीका, आवेदन जमा करना, शुल्क का भुगतान और पद पर नियुक्ति के नियमों और शर्तों सहित अन्य निर्देश शामिल हैं, एनपीएस ट्रस्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध है : www.npstrust.org.in

4. योग्य उम्मीदवार 07.10.2023 से 07.11.2023 शाम 6:00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

5. एनपीएस ट्रस्ट सक्षम प्राधिकारी द्वारा उचित समझे जाने वाले किसी भी चरण में भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/रद्द/समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस रिक्ति सूचना पर जारी शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, तो केवल एनपीएस ट्रस्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

**आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 07.11.2023 शाम 6:00 बजे तक है।**

विजिट करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
https://npstrust.org.in

cbc 15112/12/0002/2324
महाप्रबंधक

# सांगलिया धूणी बनी राजनीति का केन्द्र

बालमुकुंद जोशी
dakshinbharat.com

सीकर। संतों के चमत्कारों का स्थल 'सांगलिया धूणी' इन दिनों राजनीति का केन्द्र बनी हुई है। पिछले दो माह के दरमियान यहां बड़े - बड़े नेताओं की अचानक आवाजाही से सियासी गलियारों में पीठाधीश्वर ओमदासजी महाराज के चुनाव लड़ने की चर्चा ने जन्म ले लिया है। दरअसल अब तक राजनेता चुनाव जीतने के लिए गद्दी पर धोक लगाने आते रहे हैं लेकिन इस बार नजारा कुछ ओर ही है। राजनेताओं ने गद्दी पर बैठे ओमदास महाराज को ही अपनी जमात में लाने की ठान रखी है। ऐसे में पीठाधीश्वर स्वयं किंकर्तव्यविमूढ हैं।

चुनाव के समय अनुसूचित जाति के लोग इसी गद्दी की ओर देखते हैं और अपने मत का प्रयोग करते हैं। ऐसे में इस क्षेत्र की कई सीटों के नतीजों को सांगलिया धूणी प्रभावित करती है, जिसके चलते चुनाव मैदान में उतरे सभी पार्टियों के प्रत्याशी यहां नतमस्तक होने आते हैं, परंतु इस बार राजनेता अपने लिए आशीर्वाद लेने नहीं बल्कि बाबाजी को चुनाव दंगल में उतारने के लिए मान मनोव्वल करने आ रहे हैं। लोगों की मानें तो युवा पीठाधीश्वर ने सियासत में थोड़ी सी रुचि क्या दिखाई, खादीधारियों ने भगवाधारी को अपनी ही जमात में लेने के जी तोड़ जतन शुरू कर रखे हैं।

एक जानकारी के अनुसार भगवाधारियों की पहली पसंद पार्टी भाजपा ने सबसे पहले बाबा ओमदास को झुंझुनू जिले के नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का न्यौता दे दिया। बाबाजी भी विधानसभा में पहुंचने के लिए थोड़े गंभीर हुए और नवलगढ़ की ओर चल पड़े। उनके आने की खबर से ही वहां के विधायक राजकुमार शर्मा चिन्तित हुए और बाबा को मनाने में जुटे।



कुछ हद तक वे सफल भी रहे लेकिन इस चक्कर में कांग्रेस की गणित बिगड़ गई और देखते ही देखते कांग्रेस के दिग्गज विधायक परसराम मोरदिया की भृकुटी तन गई। हुआ यूं कि बाबाजी को मनाने के लिए विधायक शर्मा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का दौरा सांगलिया धाम रखवाया और धोद विधानसभा क्षेत्र से बाबाजी को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाये जाने के ताने बाने बुने जाने लगे। कांग्रेस के एक बड़े नेता मोहन प्रकाश ने भी इस मामले में शिद्दत से कोशिश की लेकिन राजस्थान में पिछड़ी जाति के सबसे प्रभावशाली नेता और क्षेत्रीय विधायक मोरदिया इस सारे घटनाक्रम से बेहद खफा थे। इसके बावजूद मोरदिया के विरोधियों ने मुख्यमंत्री को सांगलिया धाम लाने की भरपूर कोशिश की लेकिन ऐन वक़्त पर मुख्यमंत्री गहलोत नहीं आये।

इसी बीच भाजपा पूरे जोशो-खरोश के साथ सक्रिय हुई और पार्टी के नेताओं ने सांगलिया धूणी दस्तक देकर शीश नवाया। इनमें पहले केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और फिर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और विपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़ आये। शेखावत ने तो बाबाजी से अलग से बातचीत भी की। भाजपाईयों की ऊठक बैठक से कांग्रेस में बैचेनी हुई और फिर से मुख्यमंत्री का दौरा तय हुआ।अब की बार गहलोत हेलीकॉप्टर में जयपुर से अपने साथ मोरदिया को भी ले आये। इस दौरान गहलोत, मोरदिया और पीठाधीश्वर ओमदास ने एक कमरे में लगभग 20 मिनट तक अलग से मंत्रणा की जो बाहर नहीं आ सकी। बाबाजी पर कांग्रेस का रंग ना चढ़े इसके लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ भी सांगलिया धाम पहुंचे हैं।

बहरहाल, राजनेताओं के ताबड़तोड़ सांगलिया धाम पहुंचने से यह बात तो साफ हो गई है कि नेताओं के मन में अचानक से कोई श्रद्धा का भाव तो नहीं जगा है वरन इस धूणी के पीठाधीश्वर ओमदास महाराज को वे अपने अपने पक्ष में लाकर आगामी विधानसभा चुनाव में बाबाजी के प्रभाव से जीतने की तिगड़म बैठा रहे। अब समय बताएगा कि बाबाजी किस पाले में बैठेंगे या फिर दोनों पालों को ही निराश करेंगे।

# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तीन और नए जिले बनाने की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में तीन और नए जिले बनाने की घोषणा शुक्रवार को की। नए जिले मालपुरा, सुजानगढ़ एवं कुचामन सिटी हैं। गहलोत ने यहां एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने इसको लेकर बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा,जनता की मांग एवं उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा के अनुसार राजस्थान में तीन नए जिले और बनाए जाएंगे: 1. मालपुरा, 2. सुजानगढ़, 3. कुचामन सिटी। इसके साथ ही गहलोत ने कहा कि आगे भी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के मुताबिक सीमांकन आदि परेशानियों को दूर किया जाता रहेगा। राज्य में पहले 33 जिले थे। गहलोत ने कुछ माह पहले नए जिले गठित करते हुए इस संख्या को 50 कर दिया। उन्होंने सात अगस्त को राज्य के नवगठित जिलों का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया। तीन और जिले बनने से राज्य में कुल जिल अब 53 हो जाएंगे।

# टैक्सी में सवार व्यक्ति से हवाला के 10 लाख रुपए नगद बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना थानाक्षेत्र में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक टैक्सी कार सवार व्यक्ति से हवाला के 10 लाख रुपए बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर आरोपी को गिरफ्तार कर उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है। बाड़मेर जिले के पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दिलीप कुमार नाम का व्यक्ति एक प्राइवेट टैक्सी कार में बड़ी संख्या में भारतीय नोट लेकर धोरीमना की तरफ आ रहा है।

उन्होंने बताया कि इस सूचना के आधार पर धनाऊ बाईपास पर नाकाबंदी कर वाहनों की सघन तलाशी शुरू की गई। उन्होंने बताया कि इसी दौरान एक टैक्सी कार में संदिग्ध व्यक्ति एक बैग लिए कार की पीछे वाली सीट पर बैठा मिला जिसने पुलिस द्वारा रोके जाने एवं पूछे जाने कहा कि वह सिरोही का मजदूर दिलीप कुमार प्रजापत (31) है। उन्होंने बताया कि पुलिस को बैग में 500-500 के 2000 कुल 10 लाख रुपये नकद मिले। आनंद ने बताया कि संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर आरोपी को गिरफ्तार कर गहनता से पूछताछ की जा रही है।

# भीड़ के पथराव में तीन पुलिसकर्मी घायल

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के राजसमंद जिले के भीम थानाक्षेत्र में दो परिवारों के बीच हुए संघर्ष में घायल एक युवक की उपचार के दौरान मौत के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने थाने पर पथराव किया। पथराव में थानाधिकारी सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और हवा में गोलियां चलायीं। पुलिस ने बताया कि भीड़ के पथराव में भीम थाने के थानाधिकारी शेलेन्द्र सिंह सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये।

पुलिस ने बताया कि भीम थानाक्षेत्र के कूकरखेडा गांव में बुधवार रात आपसी रंजिश में दो परिवारों के बीच लाठियां चली थीं। उन्होंने बताया कि इसमें प्रेम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए ब्यावर रेफर किया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया लेकिन परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव को लेकर भीम थाने के सामने पहुंच गये। पुलिस ने बताया कि परिजनों के साथ सैकड़ों लोग थाने के सामने इकठ्ठा हो गये और प्रदर्शन किया।

पुलिस ने बताया कि पुलिस प्रशासन के अधिकारी जब परिजनों और ग्रामीणों को समझा रहे थे उसी दौरान अचानक भीड़ में से कुछ लोगों ने थाने पर पथराव कर दिया।



# भारत को विश्व की प्रमुख आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए मिलकर काम करें : मिश्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने भारत को विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के जरिए उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलता है तो यह बहुत जल्द संभव हो सकता है। उन्होंने वैश्वीकरण में व्यवसायों को स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट उत्पाद तैयार करने के साथ उनके विपणन की भी कारगर नीति पर कार्य करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने युवाओं को ऐसे स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया जिससे वह स्वयं तो आत्मनिर्भर हों ही, दूसरों को भी रोजगार प्रदान कर सकें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की सोच के साथ उद्योग व्यवसायों के विकास की सोच पर कार्य करने का भी आह्वान किया।

मिश्र शुक्रवार को सीतापुरा स्थित जयपुर प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन 'जीतो-2023' के उद्घाटन समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'जीतो' से जुड़े उद्योगपति विश्व स्तर पर ऐसे उत्पाद हमारे यहां विकसित करने में मुख्य भूमिका निभाएं जिनका विश्व के सभी देशों में उनकी आवश्यकता के अनुरूप निर्यात हो सके। पर इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि जो कुछ हमारे यहां उत्पादित हो या जो सेवाएं हमारे यहां से दी जाए-उनमें गुणवत्ता की दृष्टि से किसी प्रकार का समझौता नहीं हो। वे दूसरे देशों के मुकाबले सस्ती हों, टिकाऊ हो और हरेक वर्ग के लिए प्रयोग करने वाली हों। इसी से भारत व्यापार क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ सकेगा।

राज्यपाल मिश्र ने उद्योगों को ग्रीन टेक्नालोजी अपनाने, पारिस्थितिकी संतुलन और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करने पर भी जोर दिया। उन्होंने महिला उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए उनके आर्थिक सशक्तिकरण, लघु, मध्यम और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने, युवाओं के लिए रोजगार अवसर सृजित करने के लिए भी वृहद स्तर पर कार्य करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि जैन समाज की यह राष्ट्र निर्माण की अभिनव पहल है। उन्होंने कहा कि जीतो द्वारा विश्व के 28 देशों में व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों ने राष्ट्र के उद्योगों के विकास की पहल की। उन्होंने जैन समाज द्वारा प्रशासन, उद्योग और विभिन्न अन्य क्षेत्रों में बगैर ब्याज ऋण प्रदान कर युवाओं को आगे बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने जीतो द्वारा 14 हजार जैन साधुओं को श्रमण आरोग्यम योजना से जोड़ने, आत्मनिर्भर भारत के जरिए प्रेरणा प्रदान वाले कार्यों को अनुकरणीय बताया।

केंद्र सरकार में जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जीतो द्वारा भारत की आर्थिक संपन्नता की दृष्टि से किए जा रहे कार्यों को महत्वपूर्ण बताया। राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया ने सभी का आभार जताया। इससे पहले जीतो के अध्यक्ष सुखराज नाहर, विमल सिंघवी और अभय कुमार श्रीश्रीमाल ने जैन इंटरनेशनल व्यवसाय संगठन की भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# राजस्थान में 21 लाख किसानों के 16 हजार करोड़ रुपए के लोन माफ हुए : डोटासरा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जोधपुर दौरे से एक बार फिर राजस्थान की जनता को निराशा ही हाथ लगी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताने की बजाए राजस्थान की लोक कल्याणकारी कांग्रेस सरकार को झूठे तथ्यों के आधार पर कोसने के अलावा कुछ नहीं कहा। यह विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जोधपुर दौरे को लेकर व्यक्त किए। मीडिया में जारी एक बयान में डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में उज्ज्वला लाभार्थियों को पहले से ही 500 रुपए में गैस सिलेंडर राजस्थान की कांग्रेस सरकार दे रही है। ऐसे में रुपए 600 में गैस सिलेण्डर देने की केन्द्र सरकार की घोषणा का कोई तुक नहीं है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता को 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज कांग्रेस सरकार प्रदेश में दे रही है। प्रदेश में टूरिज्म को इण्डस्ट्री का दर्जा प्रदेश सरकार ने दिया है।

शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करते हुए 300 से अधिक महाविद्यालय खोले गए हैं। किन्तु प्रधानमंत्री मोदी इन क्षेत्रों में भविष्य को लेकर वादे कर वोट पाना चाहते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे जुमला होने की गारंटी हैं किन्तु राजस्थान में कांग्रेस पर जनता का भरोसा सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की वजह से कायम है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में पेपरलीक रोकने के लिए कड़ा कानून बना किन्तु राष्ट्रीय समस्या होने के बावजूद केन्द्र सरकार ने देश के लिए कोई नीति नहीं बनायी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के गृह प्रदेश गुजरात में पिछले 5 वर्ष में 28 पेपर लीक हुए किन्तु प्रधानमंत्री ने अपने गृह प्रदेश में पेपरलीक रोकने हेतु कोई कदम नहीं उठाए।



# सेवा को धर्म एवं कर्म मानकर काम कर रही है राज्य सरकार : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार सेवा ही धर्म और सेवा ही कर्म के सिद्धांत पर काम कर रही है जो अपनी हर योजना और कार्यक्रम को आमजन के रचनात्मक सुझावों के आधार पर चलाती है। वह यहां गो सेवा समिति द्वारा आयोजित गो सेवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने तीन नए जिले मालपुरा, सुजानगढ, कुचामन सिटी बनाने की घोषणा की।

गहलोत ने कहा कि सरकार गोसेवा समिति के सुझावों पर भी अवश्य ही ध्यान देगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान गौशालाओं में नंदी को रखे जाने तथा उन्हें 12 माह का अनुदान देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गौशालाओं को भी 12 माह का अनुदान देने का प्रावधान किया जाएगा तथा चारागाह माफियाओं पर भी अंकुश लगाया जाएगा।

गहलोत ने कहा कि 2030 तक राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने के लिए मिशन 2030 के तहत 3.32 करोड़ सुझावों के आधार पर 'विजन डॉक्यूमेंट' जारी किया जा चुका है। राज्य सरकार की पहलों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक पंचायत समिति में 1.57 करोड़ रुपये की लागत की पंचायत समिति स्तरीय नंदीशाला खोलने हेतु 651.70 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि नंदीशालाएं खुलने से सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित/आवारा गोवंश की समस्या का समाधान हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नंदीशालाओं में देय अनुदान को 9 माह से बढ़ाकर 12 माह कर दिया गया। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में आधारभूत सरंचना के लिए 221 गौशालाओं को 16.86 करोड़ रुपये स्वीकृत कर आधारभूत संरचनाओं का निर्माण करवाया गया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना में पशुपालकों को अब तक 1265 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जा चुका है।

गहलोत ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादकों को प्रति लीटर पांच रुपये अनुदान मिलने के परिणामस्वरूप राजस्थान आज दुग्ध उत्पादन में देशभर में प्रथम स्थान पर है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गौ पूजन भी किया। गहलोत ने इस अवसर पर राज्य में तीन नए जिले मालपुरा, कुचामन सिटी एवं सुजानगढ़ की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आगे भी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों पर सीमांकन सहित विभिन्न परेशानियों को दूर किया जा सकेगा।

# समन्वय से संभव हो पायेगा सांभर झील का संरक्षण एवं विकास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सांभर झील प्रबंधन एजेन्सी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती मोनाली सेन ने कहा कि सांभर झील के बेहतर प्रबंधन एवं संरक्षण के लिए स्थानीय प्रशासन सहित हितधारकों एवं अन्य विभागों को समन्वय के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि सांभर झील एक ऐसी खारी आर्द्रभूमि है जो रोजगार के साधन के साथ फ्लेमिंगो सहित अन्य कई प्रकार के प्रवासी पक्षियों का विचरण स्थल भी है। इसलिए सांभर झील के प्राकृतिक स्वरुप के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए एक्शन प्लान तैयार कर सतत रूप से प्रयास करने होंगे।

श्रीमती मोनाली सेन शुक्रवार को यहाँ सचिवालय में सांभर झील प्रबंधन एजेंसी की कार्यकारी समिति की दूसरी बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। इस दौरान उन्होंने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बैठक के एजेंडा मौजूदा समिति सदस्यों के साथ विस्तार से से चर्चा कर कहा कि सांभर झील के विकास एवं संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे है। अतः स्थानीय प्रशासन के साथ संबंधित हितधारकों एवं आमजन को भी साथ आकर सहयोग देना होगा ताकि शीघ्र ही सांभर झील के विकास की संकल्पना को साकार किया जा सके। श्रीमती मोनाली सेन ने कहा कि सांभर झील का जलस्तर में कमी दर्ज की गयी है जिसका एक बड़ा कारण झील क्षेत्र में हो रहे अनाधिकृत अतिक्रमण भी है। उन्होंने बैठक में मौजूद सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर वस्तुस्थिति का आंकलन कर कार्यवाही करें। ताकि झील के विकास कार्यों में तेजी लायी जा सके।



# सुजानगढ़ को जिला बनाने के लिए दिया गहलोत को धन्यवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सुजानगढ़ से आए प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने सुजानगढ़ जिले के गठन के लिए गहलोत को धन्यवाद ज्ञापित किया।

गहलोत ने कहा कि सुजानगढ़ जिले की लम्बे समय से मांग की जा रही थी। जनभावना का सम्मान करते हुए राज्य सरकार द्वारा यह फैसला लिया गया है। सुजानगढ़ जिले का गठन सुजानगढ़ वासियों के साथ-साथ मेरे लिए भी हर्ष का विषय है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही जिले के सीमांकन की प्रक्रिया पूरी कर सुजानगढ़ में जिला मुख्यालय पर मिलने वाली सभी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित योजनाएं एवं पारित किए गए कानून आज पूरे देश में चर्चा का विषय है। सुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई राहत सहित सभी क्षेत्रों में राज्य में उत्कृष्ट कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु विजन 2030 डॉक्यूमेंट जारी किया गया है। सभी को आगे बढ़कर इसके लिए अपने सुझाव देने चाहिए। इस अवसर पर नीलोफर गौरी, भंवरलाल पुजारी, विद्याधर बेनीवाल, प्रदीप लोदी एवं जेठाराम यादव सहित बड़ी संख्या में प्रतिनिधिमंडल सदस्य उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने राहुल गांधी से संबंधित भाजपा के पोस्टर के खिलाफ जयपुर में प्रदर्शन किया

जयपुर/दक्षिण भारत। सोशल मीडिया में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पोस्टर में राहुल गांधी को 'नये युग का दशानन' के रूप में चित्रण किये जाने के खिलाफ राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने शुक्रवार को यहां प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय के पास आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मंत्री महेश जोशी और प्रताप सिंह खाचरियावास तथा अन्य नेता शामिल हुए।

डोटासरा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके इस कृत्य से राज्य भर के बुद्धिजीवी आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा, भाजपा चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उन्हें इसका संदर्भ बताना चाहिए कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया, जबकि इसके विपरीत भाजपा ने (अपने पोस्टर में)



उनका चित्रण 'रावण' के रूप में किया है, जो भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सोच को दर्शाता है।

# भाजपा किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेती : प्रधान

## विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को भी चुनौती मानते हैं



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि उनकी पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लोग किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेते और वे विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को भी चुनौती मानते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का एजेंडा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर मिले।

प्रधान ने 'पीटीआई भाषा' से साक्षात्कार में यह भी कहा कि अगर पार्टी अवसर देती है, तो वह 2024 में ओडिशा से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहेंगे और उन्होंने इसके लिए पार्टी से अनुरोध किया है। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने (कांग्रेस ने) अपने शासनकाल में महिला आरक्षण विधेयक को निष्प्रभावी (लैप्स) होने दिया और उसकी नीयत इसे पारित कराने की कभी नहीं रही। यह पूछे जाने पर कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में क्या 'इंडिया' गठबंधन भाजपा नीत राजग के लिए वास्तविक चुनौती है, तो इसपर प्रधान ने कहा, मैं इसको भी चुनौती मानता हूं। भाजपा और एनडीए के लोग किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेते।



# भाजपा एकमात्र पार्टी जो पारिवारिक दलों के बीच एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में लड़ रही हैः नड्डा

**हैदराबाद/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो पूरे देश में पारिवारिक दलों के बीच एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में लड़ रही है और यह एक मजबूत राष्ट्र के लिए हर राज्य में काम कर रही है।

शहर के बाहरी इलाके में भाजपा की तेलंगाना इकाई की राज्य परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए नड्डा ने नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया और पार्टी नेताओं से आगामी तेलंगाना विधानसभा चुनाव में मतदाताओं तक पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, फिलहाल एकमात्र राजनीतिक दल जो राष्ट्रीय पार्टी के रूप में लड़ रहा है, वह भारतीय जनता पार्टी है और मेरे शब्दों को गौर से सुन लीजिए आज नहीं तो कल हर राज्य में भाजपा और उसकी विचारधारा होगी। पार्टी एक मजबूत राष्ट्र के लिए काम करेगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि क्षेत्रीय दल पारिवारिक पार्टियों में तब्दील हो गए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

# पीएम कांग्रेस को जितना चाहे बुरा-भला कहें, लेकिन गरीबों का अधिकार तो न छीनें : खरगे



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से जुड़ी से एक खबर का हवाला देते हुए शुक्रवार को दावा किया कि घटती घरेलू आमदनी और बढ़ती महंगाई की मार से बेहाल करोड़ों लोग मनरेगा में काम की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कांग्रेस के बारे में जितना बुरा-भला कहना चाहें, कह लें, लेकिन उन्हें गरीबों के अधिकार नहीं छीनना चाहिए।

खरगे ने जिस खबर का हवाला दिया उसमें कहा गया है कि ग्रामीण भारत में पिछले चार वर्षों में मनरेगा के तहत काम की मांग 30 प्रतिशत बढ़ गई है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ग्रामीण भारत में आर्थिक संकट इतना गहरा है कि सितंबर में मनरेगा के तहत काम की मांग 4 वर्षों में 30 प्रतिशत बढ़ गई है। प्रधानमंत्री जी इस बारे में कुछ करने के बजाय अपनी विकराल विफलताओं को भाषण तले छिपाने के लिए, चुनावी राज्यों में कांग्रेस को कोस रहे हैं। खरगे ने दावा किया, बेतहाशा घटती घरेलू आमदनी और बढ़ती महँगाई की मार से बेहाल करोड़ों लोग मनरेगा में काम की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। हालत यह है कि मनरेगा के बजट का केवल 4 प्रतिशत पैसा ही बचा है।

# तराई के क्षेत्र में 'ईको' पर्यटन के विकास की अपार संभावनाएं : योगी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पीलीभीत (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि तराई के क्षेत्र में 'ईको' पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। योगी ने पीलीभीत के मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस पहुंचकर वन्य जीव सप्ताह का समापन किया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने पीलीभीत में 248 करोड़ की 26 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, तराई के क्षेत्र में 'ईको' पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। चूका से लेकर कतर्नियाघाट, दुधवा और अमानगढ़ तक ईको पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है। वन विभाग ने 10 'वेटलैंड' विकसित किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, मनुष्य का अस्तित्व जीव-जंतु और जल पारिस्थितिकी तंत्र पर टिका हुआ है। जीव होने के नाते हम सभी का सह अस्तित्व है। जीव पालतू हो या जंगली, सब सह-अस्तित्व पर निर्भर हैं।

योगी ने कहा कि जीव-जंतुओं और पारिस्थितिकी तंत्र पर संकट होगा तो मनुष्य के अस्तित्व पर भी संकट आ जाएगा। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सर्वे में पीलीभीत टाइगर रिजर्व को प्रथम ग्लोबल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। 2014 में पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 25 बाघ थे। 2018 में बढ़कर इनकी संख्या 65 हुई है। राज्य में 173 बाघ थे। अब उप्र में 205 से अधिक बाघ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, मानव एवं वन्य जीवों में संघर्ष से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए हमारी सरकार ने इसे आपदा घोषित किया। अब कोई जनहानि होने पर पांच लाख का मुआवजा दिया जाता है।

# मंदिर के पैसे से गलियारे का निर्माण स्वीकार नहीं

**प्रयागराज/भाषा।** मथुरा के वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर की देखरेख करने वाले गोस्वामी परिवार ने गलियारा निर्माण की योजना पर यह कहते हुए आपत्ति की कि सरकार मंदिर के पैसे से यह निर्माण करने जा रही है जो स्वीकार्य नहीं है क्योंकि यह पैसा भगवान को भक्तों के चढ़ावे का पैसा है।

मुख्य न्यायाधीश प्रितिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने आनंद शर्मा और एक अन्य याचिकाकर्ता की जनहित याचिका पर इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 11 अक्टूबर, 2023 तय की। याचिकाकर्ताओं ने बांके बिहारी मंदिर में भगदड़ की घटना की जांच कराने की मांग की है। आज जब इस मामले में सुनवाई शुरू हुई तब गोस्वामी परिवार ने सरकार की योजना पर आपत्ति करते हुए कहा कि वह गलियारे के निर्माण के खिलाफ नहीं है, लेकिन सरकार यह निर्माण मंदिर के पैसे से कराने जा रही है जो उन्हें स्वीकार्य नहीं है क्योंकि यह पैसा, भगवान को भक्तों द्वारा चढ़ाया गया पैसा है। इससे पूर्व, अदालत को बताया गया था कि राज्य सरकार बांके बिहारी मंदिर के पास पांच एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर एक गलियारे का निर्माण करने की योजना बना रही है जिससे श्रद्धालुओं को सुविधाएं दी जा सकें।

# 'आप का अनुभव दर्शाता है अब प्रयोगात्मक राजनीति का समय नहीं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेताओं की लगातार गिरफ्तारी ने 'कट्टर' ईमानदारी और 'मूल्यों की राजनीति' के उसके दावे की धज्जियां उड़ा दी हैं और यह परिस्थिति नागरिकों को यह 'सोचने' की ओर ले जाती है कि जब देश आगे बढ़ रहा है तो यह प्रयोगात्मक राजनीति का समय नहीं है।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने दिल्ली की एक अदालत की टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा कि उसके समक्ष रखी गई सामग्री कहीं भी यह नहीं दिखाती कि आबकारी नीति मामले में राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी अनुचित और अकारण है। यह उल्लेख करते हुए कि सिंह संसद में आप संसदीय दल के नेता हैं, जबकि पार्टी के दो अन्य वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन भी भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जा चुके हैं, त्रिवेदी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पार्टी नेताओं की लगातार गिरफ्तारी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी के दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा, जो लोग आरोप लगा रहे हैं कि मामला निराधार है, उनके लिए राउज एवेन्यू अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रथम दृष्टया, उसके समक्ष रखी गई सामग्री कहीं भी यह नहीं दिखाती कि वर्तमान मामले में गिरफ्तारी अनुचित और अकारण है। भाजपा नेता ने कहा कि भारतीय राजनीति में मूल्यों को स्थापित करने का वादा करने वाली आप 'सबसे मूल्यहीन पार्टी' बन गई है और दिल्ली के लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह देश के नागरिकों के लिए भी सोचने का समय है। उन्होंने कहा, जो लोग राजनीति में नए अनुभव होने की बात करते हैं... यह अब प्रयोगात्मक राजनीति का युग नहीं है। भारत एक नई भूमिका निभाने के लिए विश्व मंच पर मजबूती से उभर रहा है। त्रिवेदी ने दावा किया कि आप ने दिखा दिया है कि इस तरह के अनुभव कितने दुखद और खतरनाक हो सकते हैं।



# स्वर्ण के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हांगझोउ/भाषा।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गत चैम्पियन जापान को एकतरफा फाइनल में 5-1 से हराकर नौ साल बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता और पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने पिछली बार 2014 में इंचियोन खेलों में स्वर्ण पदक जीता था जबकि पिछली बार जकार्ता में टीम को कांस्य से संतोष करना पड़ा था। मौजूदा टीम में से सिर्फ पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह और गोलकीपर पी आर श्रीजेश का ही यह दूसरा स्वर्ण है जो 2014 की टीम का भी हिस्सा थे। भारत ने हॉकी में इससे पहले 1966 और 1998 में बैंकाक में स्वर्ण पदक जीता था। दक्षिण कोरिया ने मेजबान चीन को 2 . 1 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (32वां और 59वां मिनट), अभिषेक (48वां मिनट), अमित रोहिदास (36वां) और मनप्रीत सिंह (25वां) ने गोल किए। जापान के लिए एकमात्र गोल सेरेन तनाका ने 51वें मिनट में दागा। हरमनप्रीत ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 13 गोल किए जबकि मनदीप सिंह ने 12 गोल दागे। भारत को पांचवें मिनट में गोल करने का मौका मिला जब ललित उपाध्याय ने बायें फ्लैंक से शॉट लगाया लेकिन जापानी गोलकीपर ताकुमी कितागावा ने उसे बचा लिया। भारत को 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हरमनप्रीत सिंह की फ्लिक सीधे जापान के गोलकीपर के सामने गई। दूसरे क्वार्टर में भारतीयों ने लगातार हमले बोले जिसका फायदा दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला लेकिन इस बार भी वैरिएशन पर रोहिदास निशाना चूक गए।

भारत का खाता 25वें मिनट में मनप्रीत ने खोला। ललित उपाध्याय सर्कल के भीतर गेंद लेकर गए और अभिषेक ने शुरुआती शॉट लिया जो जापानी गोलकीपर ने बचा लिया। सर्कल पर खड़े मनप्रीत ने रिवर्स पर सटीक निशाना साधकर गेंद गोल के भीतर डाल दी। भारत ने तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे। हरमनप्रीत ने 32वें मिनट में और रोहिदास ने चार मिनट बाद ये गोल किए। चौथे क्वार्टर में अभिषेक ने तीसरे मिनट में और हूटर से एक मिनट पहले हरमनप्रीत ने गोल करके भारत की शानदार जीत तय कर दी।

# एक मिशन पूरा हुआ और अब मिशन ओलंपिक शुरू : दिलीप टिर्की



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय हॉकी टीम को एशियाई खेलों में मिले स्वर्ण पदक को 'टीम प्रयास' का नतीजा बताते हुए पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि अब नजरें पेरिस ओलंपिक में पदक का रंग बदलने पर हैं। भारत ने गत चैम्पियन जापान को 5-1 से हराकर हांगझोउ एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही हरमनप्रीत सिंह की टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

महान डिफेंडर और 1998 बैंकाक एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली टीम के सदस्य रहे टिर्की ने हांगझोउ से भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात है कि हमने ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया। अब क्वालीफायर से नहीं गुजरना होगा और हम तैयारी पर फोकस कर सकेंगे। भारत चिली के सैंटियागो में ओलंपिक क्वालीफायर हारकर 2008 बीजिंग ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका था और 80 साल में यह पहली बार हुआ था। टिर्की ने कहा, हर खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ को पता था कि हमें सिर्फ स्वर्ण ही जीतना है।



# सिक्किम बाढ़ : मृतकों की संख्या बढ़कर 25 हुई, 143 लापता लोगों की तलाश जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गंगटोक/जलपाईगुड़ी/भाषा।** सिक्किम में बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक आयी बाढ़ के तीन दिन बाद, इसके जल प्रवाह वाले निचले इलाकों में मिले शवों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है, जबकि बड़ी संख्या में लोग अब भी लापता हैं। मृतकों में सेना के सात जवान भी शामिल हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि 143 लोग अब भी लापता हैं, वहीं करीब 2,413 लोगों को बचा लिया गया है और वे राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने राज्य में अचानक आई बाढ़ में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

उन्होंने राहत शिविरों में शरण लिए लोगों में प्रत्येक को 2,000 रुपए की तत्काल राहत देने की भी घोषणा की।

उन्होंने 'पीटीआई-वीडियो' को बताया, हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। हम नुकसान के बारे में सटीक विवरण नहीं दे सकते, इसका पता तब होगा, जब एक समिति गठित की जाएगी और वह अपना विश्लेषण पूरा करेगी। हमारी पहली प्राथमिकता फंसे हुए लोगों को बचाना और उन्हें तत्काल राहत प्रदान करना है। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा, जिलों के बीच सड़क संपर्क टूट गया है और पुल बह गए हैं। उत्तरी सिक्किम में संचार सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई है।

तमांग ने कहा कि बरदांग इलाके से लापता हुए सेना के 23 जवानों में से सात के शव निचले इलाकों के विभिन्न हिस्सों से बरामद किए गए हैं, जबकि एक को बचा लिया गया तथा शेष लापता जवानों की तलाश सिक्किम और उत्तर बंगाल में जारी है।

सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) ने अपने नवीनतम बुलेटिन में कहा कि अब तक 25 लोगों की मौत हो गई है और 143 लापता हैं।

# कांग्रेस ने चीन के मुद्दे को लेकर पीएम पर तंज कसा



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को चीन के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसा और सवाल किया कि 'असल में कौन विदेशी ताकतों द्वारा नियंत्रित है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से 20 बार मिले तथा 'पीएम केयर्स' को चीनी कंपनियों से करोड़ों का अनुदान लेने की अनुमति दी। रमेश ने मोदी और शी के बीच बैठकों और साबरमती नदी के किनारे झूला झूलने का एक वीडियो भी साझा किया।

कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी जी ने शी से 20 बार मुलाकात की है, जिसमें उनके साथ झूले पर बैठना भी शामिल है। मोदी जी ने 19 जून, 2020 को सीमा उल्लंघन के मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से चीन को क्लीन चिट दे दी।

मोदी जी ने 'पीएम केयर्स' फंड को चीनी कंपनियों से करोड़ों रुपए लेने की अनुमति दी। उन्होंने सवाल किया, मोदी के के पास एक चीनी नागरिक है जो मनी लॉन्ड्रिंग और धन की 'राउंड-ट्रिपिंग' का काम करता है। वास्तव में विदेशी शक्तियों द्वारा नियंत्रित कौन है?

चीन के साथ सीमा मुद्दे से निपटने और सीमा पर चीनी अतिक्रमण को लेकर कांग्रेस भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधती रही है।

# केंद्र ने सभी एजेंसियों को 'इंडिया' गठबंधन के दमन के लिए तैनात किया: आप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



आतिशी ने कहा कि जब से विपक्षी दलों के एक साथ आने की बात हो रही है। गठबंधन नेताओं को छापेमारी का करना पड़ा है सामना

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के हाथों हार को लेकर डरी हुई है और उसके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अपनी सभी एजेंसियों को गठबंधन के दमन के लिए तैनात कर दिया है।

'आप' की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब से विभिन्न विपक्षी दलों के एक साथ आने की बात हो रही है, गठबंधन के नेताओं को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की छापेमारी का सामना करना पड़ा है। उन्होंने ऐसे नेताओं के नामों की एक सूची साझा की, जिनमें कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नाम शामिल हैं। उन्होंने कहा, पिछले हफ्ते से, इन एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो गई है। सबसे पहले, पत्रकारों के घरों पर छापे मारे गए और उनके मोबाइल फोन व लैपटॉप जब्त कर लिए गए, क्योंकि वे मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान बेरोजगारी बढ़ने को लेकर आवाज उठा रहे थे।

आतिशी ने कहा, इसके बाद अपनी आवाज उठाने के लिए कृषि भवन पहुंचीं टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा को दिल्ली पुलिस ने घसीटा। फिर (आम आदमी पार्टी के सांसद) संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'इंडिया' गठबंधन से घबरा गए हैं। वे जानते हैं कि वे 2024 का लोकसभा चुनाव 'इंडिया' गठबंधन से हार जाएंगे। उन्होंने गठबंधन के नेताओं को परेशान करने और उनकी आवाज को दबाने के लिए अपनी सभी एजेंसियों को तैनात कर दिया है।

# एशियाई खेलों में भारत के सौ पदक पक्के

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हांगझोउ/भाषा।** 'अबकी बार सौ पार' के मंत्र के साथ एशियाई खेलों में उतरे भारतीय दल ने शुक्रवार को पुरुष हॉकी टीम के स्वर्ण, कुश्ती में तीन पदक, सेपकटकरॉ में ऐतिहासिक कांस्य के साथ 95 पदक अपनी झोली में डाल लिए।

भारत के कबड्डी (दो), तीरंदाजी (तीन), हॉकी (एक), बैडमिंटन (एक) और क्रिकेट (एक) में कुल छह पदक पक्के हैं। इनकी स्पर्धायें होने के बाद भारत शनिवार को पहली बार एशियाई खेलों के इतिहास में सौ पदक पार कर लेगा।

आखिरी दिन चार और पहलवान पदक की दौड़ में हैं और पदकों की संख्या में इजाफा भी हो सकता है।

भारत ने पिछली बार जकार्ता में 70 पदक जीते थे जिसमें 16 स्वर्ण, 23 रजत और 31 कांस्य थे।

इस बार निशानेबाजों ने 22 और एथलेटिक्स में 29 पदक आए हैं जिससे भारत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सका।

भारतीय दल ने कई अप्रत्याशित पदक भी जीते जिसमें महिला टेबल टेनिस टीम का कांस्य (सुतीर्था मुखर्जी और अहिका मुखर्जी) शामिल है।

पारूल चौधरी ने महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में आखिरी 30 मीटर में कमाल करके स्वर्ण जीत लिया। भालाफेंक में ओलंपिक और विश्व चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण और किशोर जेना ने रजत पदक जीता।

केनोइंग में अर्जुन सिंह और सुनील सिंह ने ऐतिहासिक कांस्य जीता जबकि 35 किमी पैदलचाल में रामबाबू और मंजू रानी को भी कांसा मिला।

खेलों के अनुसार भारत की पदक संख्या इस प्रकार है।

**तीरंदाजी :** तीन स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य

**एथलेटिक्स :** छह स्वर्ण, 14 रजत और नौ कांस्य

**बैडमिंटन :** एक रजत, एक कांस्य

**मुक्केबाजी :** एक रजत, चार कांस्य

**ब्रिज :** एक रजत

**क्रिकेट :** एक स्वर्ण

**घुड़सवारी :** एक स्वर्ण, एक कांस्य

**गोल्फ :** एक रजत

**हॉकी :** एक स्वर्ण

**नौकायन :** दो रजत, तीन कांस्य

**स्कवाश :** दो स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य

**निशानेबाजी :** सात स्वर्ण, नौ रजत, छह कांस्य

**पाल नौकायन :** एक रजत, दो कांस्य

**टेनिस :** एक स्वर्ण, एक रजत

**वुशू :** एक रजत

**रोलर स्केटिंग :** दो कांस्य

**टेबल टेनिस :** एक कांस्य

**केनोइंग :** एक कांस्य

**कुश्ती :** पांच कांस्य

**सेपकटकरॉ :** एक कांस्य

# मिजोरम : के. बेइचुआ ने विधायक पद से इस्तीफा दिया

**आइजोल/भाषा।** मिजोरम के पूर्व मंत्री के. बेइचुआ ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, बेइचुआ ने विधानसभा आयुक्त व सचिव लालमहरुइया जोते को अपना इस्तीफा सौंपा। बेइचुआ ने कहा कि वह इस साल होने वाले मिजोरम विधानसभा चुनावों में अपने गृह विधानसभा क्षेत्र सियाहा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। पलक विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक के .टी. रोखाव ने मंगलवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

बेइचुआ ने पिछले साल 13 दिसंबर को जोरमथंगा मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने सरकार में बतौर मंत्री सामाजिक कल्याण, आबकारी और पशुपालन मंत्रालय का जिम्मा संभाला था। बेइचुआ को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए 25 जनवरी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था। वह 2013 से लगातार दो बार मिजो नेशनल फ्रंट के टिकट पर सियाहा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हो चुके हैं।

## सुविचार

कोई भी लक्ष्य इंसान के संघर्ष से बड़ा नहीं, हारा वही जो लड़ा नहीं।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'अति' से बचें

सोशल मीडिया के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल को लेकर जो शोध हो रहे हैं, उनके निष्कर्षों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। खासतौर से युवाओं के लिए ये शोध उनके भविष्य को नई दिशा देनेवाले हो सकते हैं। चीन, ताइवान और मलेशियाई विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों पर किए गए एक शोध के नतीजे कहते हैं कि सोशल मीडिया के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल से उनमें आत्मविश्वास की कमी हो रही है। यही नहीं, वे मानसिक रोगों के शिकार बन रहे हैं। स्मार्टफोन से दूर रहने के डर के कारण वे अवसाद की समस्या से भी जूझ रहे हैं। जो समय पूरे जीवन की आधारशिला समझा जाता है, जब ज्ञानार्जन के साथ व्यक्तित्व का निर्माण होता है, अगर उस दौरान कोई इन समस्याओं के शिकंजे में फंस जाएगा तो भविष्य कैसा होगा? हमारा समाज आधुनिक जीवन शैली से जुड़ीं जिन समस्याओं से आज जूझ रहा है, उनसे सावधान रहने के संकेत सदियों पहले संतों-ऋषियों ने दे दिए थे। 'अति सर्वत्र वर्जयेत' अर्थात 'अति करने से हमेशा बचना चाहिए', यूं ही नहीं कहा गया है। 'अति' सदैव हानिकारक होती है। बात जब सोशल मीडिया की हो तो यह शोध इसी सूक्ति को दोहराता नजर आता है। इसमें कहा गया है कि स्मार्टफोन और सोशल मीडिया का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने वालों को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित बीमारी की आशंका हो सकती है। हालांकि यही शोध कहता है कि सोशल मीडिया के सभी प्रभाव नकारात्मक नहीं होते, लेकिन जिन लोगों को इसकी लत लग जाती है, वे इसके 'शिकार' होते हैं और उन्हें मदद की जरूरत होती है। आज यह देखने में आता है कि कई विद्यार्थी अपना सोशल मीडिया अकाउंट चेक करते हैं तो वहां ज्यादातर सामग्री ऐसी पाते हैं, जो उनके लिए उपयोगी नहीं होती है। वे रील्स देखते रहते हैं। कुछ समय बाद सोचते हैं कि 'बस, एक और देख लेता/ती हूं, फिर इसे बंद कर दूंगा/गी', लेकिन अगली रील ऐसी मिल जाती है कि एक और देख लेने का लोभ छोड़ा नहीं जाता।

अगर सोशल मीडिया पर सिर्फ ऐसी सामग्री देखी जाए, जिसका संबंध उनके अध्ययन से हो, जो उनका ज्ञानवर्धन करे, सकारात्मकता का संचार करे ... तब तो उसकी उपयोगिता है। जब उस पर ऐसी सामग्री आने लगे, जो ध्यान भटकाने वाली हो, जिसकी विद्यार्थी के लिए कोई उपयोगिता न हो, जो जीवन में कोई बेहतरी न लाए ... तो उससे दूर रहने में ही कल्याण है। उक्त शोध एक और समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करता है। इसके अनुसार, सोशल मीडिया का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल 'नोमोफोबिया' की वजह बन सकता है। दरअसल जिन लोगों को नोमोफोबिया होता है, उनके मन में यह भय बना रहता है कि उनका स्मार्टफोन संचालन योग्य नहीं है। लगातार एक ही जगह बैठकर मोबाइल फोन में व्यस्त रहने से विद्यार्थियों को वजन बढ़ने जैसी समस्या हो सकती है। इससे वे चिंता से जूझते रहते हैं। उन्हें इस बात को लेकर आशंका रहती है कि लोग उन्हें दूसरों से कमतर आंकेंगे। इसका असर नकारात्मक भावनाओं और कम आत्मविश्वास के रूप में सामने आता है। सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से कई विद्यार्थियों में अवसाद, घबराहट और तनाव के लक्षण पाए गए। जो विद्यार्थी रोजाना औसतन पौने पांच घंटे सोशल मीडिया पर बिताते थे, उनमें से 40 प्रतिशत से ज्यादा में सोशल मीडिया की लत का जोखिम पाया गया। वहीं, जो विद्यार्थी रोजाना सोशल मीडिया पर साढ़े चार घंटे बिताते थे, उनमें से एक तिहाई से ज्यादा में सोशल मीडिया की लत का जोखिम पाया गया। सवाल है- जब ये विद्यार्थी इतने समय तक सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते थे, तो पढ़ाई कब करते थे? यह लत एक तरह का नशा है, जिसके बारे में व्यक्ति जानता है कि वह हानिकारक है, लेकिन उससे पीछा नहीं छुड़ा पाता। उसके लिए अपनी लालसा पर काबू पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। हालांकि यह काम असंभव नहीं है। अगर कोई विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन लाना चाहता है तो ऐसा कर सकता है। इसके लिए उन समस्त ऐप्स / ग्रुप्स को हटा दें, जिनमें समय बर्बाद होता है। सिर्फ उन ऐप्स / ग्रुप्स को रखें, जो उनके लिए उपयोगी हैं। एक हफ्ते तक अपने मन पर अच्छी तरह से काबू रखें। उसके बाद इसकी तलब कमजोर पड़ती जाएगी। धीरे-धीरे नकारात्मक प्रभाव भी दूर हो जाएंगे और अध्ययन में एकाग्रता आने लगेगी।

## ट्वीटर टॉक



चूरू पंचायत समिति परिसर में दिव्यांगजनों के स्कूटी वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। कार्यक्रम में विधायक कोष की राशि से 11 दिव्यांगजनों को स्कूटियों का वितरण किया गया। यह स्कूटी आने वाले समय में दिव्यांगजनों को विकास पथ पर अग्रसर करने में सहायक होगी।

-राजेन्द्र राठौड़



आज राजस्थान के प्रख्यात साहित्यकार श्री वेदव्यास जी के मालवीय नगर स्थित निवास पहुंचकर उन्हें साहित्य मनीषी 2023-24 पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। व्यास की कृति लोकतंत्र, गांधी जी के विचारों के महत्व व हाशिए के लोगों की अभिलाषाओं का प्रभावी निरूपण है ।

-अशोक गहलोत



राजसमंद लोकसभा क्षेत्र के ग्राम काछबली में श्री गोरखनाथ जी वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पहुँचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

-दिया कुमारी

## प्रेरक प्रसंग

# ज्ञान के यथार्थ से पहचान

एक दिन संत तुकाराम अपने शिष्यों से कह रहे थे कि यथार्थ ज्ञान के अभाव में इंसान आध्यात्मिकता को नहीं पहचान पाता। शिष्यों को इस बात का ज्ञान कराने के लिए वे एक दिन रास्ते में ध्यानमग्न हो गये। तभी उन पर एक चोर की निगाह गयी। उसने सोचा कि यह भी कोई चोर है, जो रात्रि में चोरी करने के बाद यहां विश्राम कर रहा है। यदि कोतवाल की इस पर नजर पड़ गयी तो बेचारा पकड़ा जायेगा। कुछ समय बाद उन पर एक शराबी की नजर पड़ी। वह सोचने लगा कि अधिक शराब पी लेने के कारण बेसुध पड़ा है। इसके बाद उन पर एक महात्मा जी की नजर पड़ी। महात्मा जी सोचने लगे शायद यह कोई संत है जो समाधिस्थ है। यही सोचकर महात्मा जी उनकी सेवा में जुट गये। तुकाराम ने अपनी समाधि तोड़ते हुए शिष्यों से कहा, 'देखा तुमने, अज्ञानतावश चोर ने मुझे चोर समझ लिया। शराबी ने शराबी समझ लिया, लेकिन संस्कारयुक्त होने के कारण महात्मा जी ने मुझे सही पहचान लिया।'

## सामयिक

# भारत की सख्ती से जमीन पर आए कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो

अशोक मधुप

भारत के कठोर रवैये को देख कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अब आसमान से जमीन पर आ गए हैं। जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को कहा कि उनका देश भारत के साथ विवाद नहीं बढ़ाना चाहता । वह नई दिल्ली के साथ जिम्मेदारीपूर्वक और रचनात्मक तरीके से जुड़ा रहना चाहता है। ट्रूडो ने कहा कि हम कनाडा के परिवारों की मदद के लिए भारत में मौजूदगी चाहते हैं। इससे पहले भारत ने कनाडा के 41 राजनयिकों को देश छोड़ने को कहा है कनाडा के भारत में 62 राजनयिक मौजूद हैं। भारत ने कहा है कि कनाडा के राजनयिकों की कुल संख्या 41 तक कम की जानी चाहिए। भारत ने स्पष्ट कहा है कि दस अक्तूबर के बाद भी अगर ये राजनयिक भारत में रहते हैं तो इनकी राजनयिक छूट भी खत्म कर दी जाएगी।

दरअसल कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत पर आरोप तो लगा गए, पर आरोप लगाते उम्मीद नही होगी कि भारत इसे इतनी गंभीरता से लेगा। जस्टिन ट्रूडो ने बिना कोई सबूत के भारत की खुफिया एजेंसी पर कनाडा में ऑपरेशन करने का आरोप लगाने से भारत गुस्से में है। कनाडा में मौजूद भारत के वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने गुरुवार को कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं सस्पेंड कर दीं। भारत ने कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। यह भी सूचना है कि भारत कनेड़ा स्थित दूतावास में अपने कर्मचारी कम करने जा रहा है। इस पूरे विवाद के पीछे खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या है। कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का आरोप है कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कनेडा में तैनात रहे एक भारतीय राजनयिक का हाथ है।भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरंदिम बागची ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कनाडा में हमारे डिप्लोमैटिक यूनिट को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि वीजा सर्विसेज सस्पेंड की गई हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- हमें काफी समय से पता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का मददगार है और उन्हें पैसे भी देता है। वहीं, कनाडा आतंकियों को रहने और उनके मंसूबों को अंजाम देने की जगह दे रहा है।हमने कनाडा को बता दिया है कि भारत को भगोड़े अपराधियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत भारत लाया जाएगा और इंटरनेशनल लॉ के तहत यह मेंडेटरी है। दूसरी तरफ बुधवार को खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडा में रह रहे हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी दी थी। इस पर कनाडाई हिंदुओं ने जस्टिन ट्रूडो सरकार को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में पन्नू के बयानों पर चिंता जताई गई है और उसे हेट क्राइम घोषित करने की अपील की गई है।कनाडाई हिंदू संगठन 'हिंदू फोरम कनाडा' ने मिनिस्टर ऑफ पब्लिक सेफ्टी डोमिनिक लेब्लेन को ये खत लिखा। हिंदू संगठन ने अपने पत्र में कहा- पन्नू ने अपनी और अपने खालिस्तानी सहयोगियों के विचारों को स्पष्ट रूप से रखा है। वे ऐसे लोगों को टारगेट करना चाहते हैं, जो उनकी विचारधारा से सहमत नहीं हैं। कनाडा सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।खत में ये भी पूछा गया है कि क्या पन्नू के इस बयान को अभी भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में लिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा- कनाडा में रहने वाले भारतीय मूल के सिखों की बड़ी आबादी इस हत्या को लेकर गुस्से से भरी है। कई सिख अपनी सुरक्षा को लेकर डर में हैं। देश में करीब 18 लाख भारतीय मूल के नागरिक हैं, जिनमें से कई सिख हैं। कनाडा की विपक्षी पार्टी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के लीडर जगमीत सिंह सिख समुदाय से हैं। उधर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा- कनाडा के सभी आरोप बेतुके हैं। इसी तरह के आरोप कनाडाई प्रधानमंत्री ने हमारे प्रधानमंत्री मोदी के सामने भी रखे थे और उन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया गया था।इस तरह के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश है। इन्हें कनाडा में पनाह दी गई है और ये भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा हैं।ङ्गकनाडा के भारतवंशियों का कहना है कि ट्रूडो का आरोप हास्यास्पद है। एक साल के दौरान कनाडा में भारत विरोधी 15 घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें नौ सभाएं, खालिस्तान के समर्थन में दो जनमत संग्रह और चार मंदिरों पर हमले शामिल हैं। ट्रूडो सरकार ने एक भी मामले में कोई गिरफ्तारी को अंजाम नहीं दिया है। ब्रैम्पटन के अक्षय गर्ग और ओंटारियो में इटोबिकोक के अश्विनी शर्मा का कहना है कि यहां पर भारत विरोधी घटनाओं के बाकायदा वीडियो पुलिस को सौंपे जाते हैं, लेकिन पुलिस को कोई आरोपी नहीं मिलता। कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, लेकिन खालिस्तानी निज्जर की हत्या के तीन महीने के भीतर ही कनाडा को बड़े सुराग हासिल हो गए... ये कैसे हुआ।

उधर एनआईए ने 40 आतंकियों की लिस्ट जारी की थी, उसमें भी निज्जर का नाम था। ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान के हक में रेफरेंडम करवाने में भी उसकी भूमिका थी। निज्जर के खिलाफ पुलिस ने 23 जनवरी, 2015 को एक लुकआउट नोटिस और 14 मार्च, 2016 को एक रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था।इसमें उसके प्रत्यर्पण की मांग की गई थी। निज्जर के खिलाफ 10 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। कनाडा में रहते हुए निज्जर प्रतिबंधित खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीब आया। पन्नू और निज्जर की निकटता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि निज्जर की हत्या के बाद से ही पन्नू तिलमिलाया हुआ है और कनाडा में भारत के खिलाफ और खालिस्तान के समर्थन में जनमत संग्रह करवाने का दावा कर रहा है।



कनाडा और भारत के तनाव के बीच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 11 गैंगस्टरों-आतंकियों की फोटो समेत लिस्ट जारी की है। जो भारत में क्राइम करने के बाद कनाडा में शरण ले रहे हैं। इस लिस्ट में पहला नाम पंजाब के शहूर सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या करवाने वाले गैंगस्टर गोल्डी बराड़ का है। इसके बाद दूसरे नंबर पर जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई है। इसके अलावा छख- ने अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला, दरमन सिंह काहलों, लखबीर सिंह, दिनेश शर्मा उर्फ गांधी, नीरज उर्फ पंडित, गुरपिंदर, सुखदूल, गौरव पटियाल उर्फ सौरभ गैंगस्टर दलेर सिंह के फोटो जारी किए हैं। खालिस्तान टाइगर फोर्स का कमांडर हरदीप सिंह निज्जर, की 18 जून को रात 8.30 बजे कनाडा में हत्या कर दी गई। सरे शहर में एक गुरुद्वारे के बाहर बाइक से आए दो लोगों ने उसे गोली मार दी। छह मई को इसी तरह पाकिस्तान में खालिस्तान समर्थक परमजीत सिंह पंजवड़ को गोली मारी गई थी।दोनों की हत्या क्यों की गई, इसकी जांच चल रही है, लेकिन निज्जर के मामले पर नजर रख रही खुफिया एजेंसियों को शक है कि खालिस्तान समर्थक संगठन आपस में भिड़ रहे हैं। ये हत्याएं इसी का नतीजा है।

कनाडा को दूसरे पंजाब की संज्ञा दी जा सकती है। कनाडा में अपने नागरिकों के बाद सबसे ज्यादा संख्या वहां पर पंजाबियों की है। वैसे भी पंजाबी दूसरे देशों में जाने की बजाय ज्यादातर कनाडा में जाना ही पसंद करते हैं। यही वजह है कि हर साल पंजाब से 50 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं स्टडी वीजा पर विदेश जाते हैं इनमें से 85 से लेकर 90 प्रतिशत सिर्फ कनाडा का वीजा लेते हैं।कनाडा में इस वक्त 1.60 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स पंजाब से वहां पर स्टडी वीजा में पढ़ने के लिए गए हुए हैं। इसके अलावा बहुत सारे लोग 10 साल का वीजा लगवा कर पर वहां पर काम कर रहे हैं। हजारों लोग पंजाब से पीआर पर या फिर वर्क वीजा लेकर वहां पर डॉलर कमाने जाते हैं। भारत-कनाडा के बीच चल रहे विवाद के कारण इन सभी लोगों और इनके परिवारों में डर बना हुआ है कि तनातनी से उनका नुकसान हो सकता है।

भारत सरकार ने पिछले पांच साल में कनाडा से खालिस्तानी समर्थक और आपराधिक गतिविधियों से जुड़े लोगों के प्रत्यर्पण के लिए 26 बार अपील की, लेकिन ट्रूडो सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया और सकारात्मक जवाब नहीं दिया।सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि भारत में जघन्य अपराध में वॉन्टेड 13 आतंकवादी और अपराधी इस वक्त कनाडा में घूम रहे हैं। इसमें संदीप सिंह उर्फ सनी भी है। यह कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी में सुपरिनटेंडेंट के पद पर काम कर रहा है।खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला का राइट हैंड पंजाबी गैंगस्टर सुक्खा दुन्नेके का नाम भी शामिल है, इसकी गुरुवार को हत्या कर दी गई। इस पर 30 से ज्यादा मामले दर्ज थे। फिर भी ट्रूडो सरकार ने उन्हें भारत भेजने से मना कर दिया था।

भारत ने यह सख्त उठाया है तो अब उसे और भी सख्ती के साथ मांग करनी चाहिए कि हमारे अपराधी हमें सौंपे जाएं।यह ही नही, अपितु पाकिस्तान की तरह कनाडा को भी संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अन्य मंच पर उसकी सच्चाई बतानी चाहिए। मांग की जानी चाहिए कि ये भारत के अपराधी हैं।इन्हें तुरंत भारत को सौंपा जाना चाहिए। भारत को कनेडा के लोगों के लिए बीजा सुविधा तब तक कैंसिल रखनी चाहिए, जब तक की समस्या का हल न निकले। भारत के अपराधी भारत को न सौंपें जांए। उधार कनाडा मे भारत विरोधी गतिविधि में शामिल भारतीयों की पहचान कर उनके आईओसी कार्ड निरस्त किए जाने चाहिए। इनकी भारत की संपत्ति भी जब्त की जानी चाहिए।

## अध्यात्म

# जीवन की धारा इतनी सरल सहज नहीं : सुधांशु महाराज

जीवन तो उतार चढ़ाव का नाम है जिसमें धारा कभी अनुकूल बहती है तो कभी प्रतिकूल। इसमें स्वयं को नियंत्रित रखना, संतुलित रखना आना आवश्यक है क्योंकि जब विपरीत परिस्थितियाँ आती हैं तो व्यक्ति निराश हो जाता है यह निराशा कभी कभी इतना भयंकर रूप धारण कर लेती है कि आत्महत्या तक करने के विचार मन में आने लगते हैं! परंतु सफल व्यक्ति वही है जो इनके बीच अपना संयम बनाकर रखे। प्रकृति में भी यही दो धाराएँ देखने को मिलती हैं -कभी पतझड़ है तो कभी वसंत का आगमन, चारों ओर हरियाली, रंगीनियाँ।

इसलिए जीवन को कहा गया है कि यह तलवार की धार पर चलने के समान है! संभल कर चलोगे तो पार उतर जाओगे, हिल डुल गये तो कट कर गिर जाओगे। बहुत बार आपके ग्रह नक्षत्रों का प्रभाव भी आपको प्रभावित करता है, आपकी एंडोक्राइन ग्लैंड्स भी ऐसा स्राव निष्कासित करती हैं जिसके कारण आपके मूड बदलते हैं -कभी उत्साहित तो कभी निराश।ङ्गप्रश्न यह है कि यह परिवर्तन तो चलेगा, इसको कोई न रोक सकता है न बदल सकता है तो हमें क्या करना है कि स्वयं को कंट्रोल कर सकें। सबसे मुख्य बिंदु होगा कि हमें भगवान से और अपने जीवन के निर्देशक सदगुरु से अवश्य जुड़ना है। क्योंकि वहीं से हमें वह शक्ति प्राप्त होती है जो हमारी निराशा को तोड़ सकती है भगवान पर विश्वास की वह है! मेरे साथ है, उसकी कृपाएं मिल रही हैं।

यह भरोसा ही आपको इस गड्ढे से बाहर निकालेगा और इस मार्ग पर चलने के लिए गुरु की आवश्यकता अवश्य होगी क्योंकि वही विधि देते हैं, पार करना सिखाते हैं -कहा है न गुरु बिन माला फेरता गुरु बिन करता दान: कह कबीर निष्फल भये जानत वेद पुराण -अर्थात गुरु के बिना अध्यात्म के पथ पर आगे बढ़ ही नहीं सकते।

इसलिए संसार सागर से पार होने के लिए समर्पित होकर उनका आश्रय लो-ध्यान एक ऐसा माध्यम है जिस पर चलकर बहुत शीघ्र नकारात्मक सोच, निराशा, कुंठा आदि से निजात मिल सकती है गुरु से विद्या ग्रहण करो इसकी और सबसे अहम बिंदु है कृपा जब गुरु की मेहर मिल जाये तो शक्ति से पूर्ण हो जाते हैं और जीवन यात्रा को सुखद आनन्दमय बना लेते हैं।



## हेल्थ

# गुणों का खज़ाना है बहुगुणकारी है हल्दी

बाल मुकुन्द ओझा

मोबाइल : 9414441218

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा से सप्ताह भर के भीतर ही केंद्र सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी कर दी। यह बोर्ड देश में हल्दी की खेती और उसके उत्पादों के विकास पर ध्यान देगा। जागरूकता लाने एवं खपत के साथ निर्यात बढ़ाने के लिए भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार की तलाश करेगा। इससे छोटे एवं सीमांत किसानोंकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इस बोर्ड का मकसद साल 2030 तक हल्दी निर्यात को पांच गुना बढ़ाकर 1 अरब डॉलर तक पहुंचाने की है। बहु गुणकारी हल्दी के औषधीय गुणों के चलते दुनिया भर में इसकी माँग बनी रहती है। ऐसे में हल्दी बोर्ड जागरूकता और खपत बढ़ाने, निर्यात बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाज़ार विकसित करने के अलावा नए उत्पादों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने और मूल्य वर्धित हल्दी उत्पादों के लिए हमारे पारंपरिक ज्ञान के विकास का काम करेगा।

भारत विश्व में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। वर्ष 2022-23 में 11.61 लाख टन का उत्पादन भारत में हुआ था। देश के 20 से अधिक राज्यों में हल्दी की खेती होती है। सबसे ज्यादा उत्पादन महाराष्ट्र तेलंगाना कर्नाटक एवं तमिलनाडु में होता है। केंद्र सरकार का मानना है कि स्वास्थ्य के लिहाज से हल्दी के प्रति अभिरुचि दुनिया भर के देशों में बढ़ रही है। यह वैश्विक उत्पादन का 75 प्रतिशत से अधिक है। भारत में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की 30 से अधिक किस्में उगाई जाती हैं। देश के 20 से अधिक राज्यों में हल्दी की खेती होती है। हल्दी के विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत है। 2022-23 के दौरान 380 से अधिक निर्यातकों द्वारा 20.74 अरब डालर मूल्य के 1.534 लाख टन हल्दी और हल्दी उत्पादों का निर्यात किया गया था। भारतीय हल्दी के लिए प्रमुख बाजार बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और मलेशिया हैं।ङ्गहल्दी एंटीऑक्सीडेंट का काम करती है। हल्दी में ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में मदद के साथ कोलेस्ट्रॉल को कम करने की क्षमता है ।



औषधीय गुणों की वजह से आर्युवेद में विशेष स्थान दिया गया है। हल्दी के एक नहीं अपितु अनेक फायदे हैं। हल्दी के औषधीय गुणों में एंटीइन्फ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट, एंटीट्यूमर, एंटीसेप्टिक, एंटीवायरल, कार्डियोप्रोटेक्टिव (हृदय को स्वस्थ रखने वाला गुण), हेपटोप्रोटेक्टिव (लिवर स्वस्थ रखने वाला गुण) और नेफ्रोप्रोटेक्टिव (किडनी स्वस्थ रखने वाला गुण) गुण मुख्य हैं। हमारी रसोई में पाये जाने वाले अधिकतर मसालों में औषधीय गुण होते हैं, जिनकी मदद से कई शारीरिक व्याधियों को आसानी से ठीक किया जा सकता है। ऐसी ही एक बहुगुणकारी चीज हल्दी है, जो घर घर में पाई जाती है। आयुर्वेद में बताया गया है हल्दी विभिन्न औषधीय लाभ प्रदान करती है, जैसे- गैस को कम करना, शारीरिक ऊर्जा को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, पीरियड्स को कंट्रोल करना, पित्त की पथरी को दूर करना और गठिया में आराम देना आदि। हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो खांसी और गले में खराश की समस्या को दूर करने में मददगार हैं।इसे पानी में उबालकर एक चुटकी हल्दी मिलानी है और इसका सेवन दिन में दो बार करना है। हल्दी घाव को जल्दी भरने, मामूली कट और मोच को ठीक करने, सांप के काटने और खरोंच के इलाज में मदद करती है. इसके अलावा, हल्दी में मच्छर विकर्षक गुण भी होते हैं यानी इन्हें त्वचा पर लगाने से मच्छरों के काटने का खतरा कम हो जाता है।

हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-कैंसर और न्यूरोप्रोटेक्टिव गुण होते हैं. यही वजह है कि ये गठिया के रोगियों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। हल्दी का इस्तेमाल त्वचा की समस्याओं को दूर करने के लिए भी किया जाता है।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

प्रार्थना



श्रीनगर में शुक्रवार को ईद मिलाद-उन-नब के अवसर पर श्रीनगर के हजरतबल मंदिर में मुख्य पुजारी द्वारा पैगंबर मुहम्मद (एसएडब्ल्यू) के पवित्र अवशेष को प्रदर्शित करते समय श्रद्धालु प्रार्थना करते हुए।

# चीनी तटरक्षक जहाज की फिलीपीन के जहाज से टक्कर टली, मनीला ने विरोध जताया

**सिंदागन (फिलीपीन)/एपी**

दक्षिण चीन सागर में चीनी तटरक्षक जहाज फिलीपीन के एक गश्ती जहाज के बिल्कुल करीब पहुंच गया और दोनों जहाज टकराते-टकराते बचे। दोनों के बीच की दूरी महज एक मीटर थी।

यह एक चिंताजनक घटना है जिससे समुद्री क्षेत्र में सीमा विवाद बढ़ गया है और बड़ा संकट पैदा होने की आशंका है।

फिलीपीन ने 'सेकंड थॉमस शोल' (रेतीले और चट्टानों से घिरा समुद्री क्षेत्र, जहां प्रचुर मात्रा में मछलियां पाई जाती हैं) के निकट चीनी जहाज की मौजूदगी की शुक्रवार को कड़ी निंदा की।

दोनों एशियाई पड़ोसी इस क्षेत्र पर अपना अपना दावा करते हैं और यह विवाद का विषय रहा है।

बुधवार को एक अन्य घटना में फिलीपीन तटरक्षक के एक और जहाज को चीनी तटरक्षक और मिलीशिया जहाजों ने करीब आठ घंटे तक रोक कर रखा और घेराबंदी की। अमेरिका ने विवादित समुद्री क्षेत्र में फिलीपीन की रक्षा का संकल्प जताया है।

विवादित समुद्री क्षेत्र में फिलीपीन तटरक्षक की निगरानी वाली दो छोटी आपूर्ति नौकाएं किसी तरह चीनी घेराबंदी को तोड़कर वहां पहुंचीं और शोल में स्थित फिलीपीन की समुद्री चौकी तक खाद्य सामग्री एवं आपूर्ति पहुंचाई।

फिलीपीन तटरक्षक के प्रवक्ता कमोडोर जे तारिएला ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम चीनी तटरक्षक जहाज के बर्ताव की निंदा करते हैं। वे अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषकर टक्कर से बचाव के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

तारिएला ने कहा कि टकराव तब टल गया जब फिलीपीन के दो तटरक्षक जहाजों में से एक बीआरपी सिंदांगन ने चीनी तट रक्षक जहाज के साथ टक्कर से बचने के लिए अपने इंजन की पोजीशन तेजी से बदली, जो केवल एक मीटर की दूरी से फिलीपीन के जहाज के अग्रभाग को पार कर गया था।

चीन के तटरक्षक रेडियो ऑपरेटर ने चेतावनी देते हुए बीआरपी सिंदागन के लिए बार बार कहा कि सेकंड थॉमस शोल' और इसके बाहरी समुद्री क्षेत्र में चीन की निर्विवाद संप्रुभता रही है, इसलिए किसी तरह के विवाद से बचने के लिए यहां से चले जाएं।

फिलीपीन के तटरक्षक ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस क्षेत्र पर उसका अधिकार है और वे आपूर्ति के लिए आगे बढ़ेंगे।

अमेरिका ने एक बार फिर चेतावनी दी कि वह अपने सहयोगी फिलीपीन की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

चीनी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका पर चीन को धमकी देने का आरोप लगाया। चीन ने बार बार आगाह किया है कि अमेरिका क्षेत्रीय सीमा विवादों में दखल नहीं दे।

# कनाडा ने भारत से अपने राजनयिकों को कुआलालम्पुर या सिंगापुर भेजा

**टोरंटो/भाषा**

कनाडा ने खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर हुए विवाद के बीच भारत में काम कर रहे अपने ज्यादातर राजनयिकों को कुआलालम्पुर या सिंगापुर भेज दिया है। भारत ने कनाडा को नई दिल्ली में काम कर रहे अपने राजनयिकों की संख्या घटाने के लिए 10 अक्टूबर की समयसीमा दी है जिसके बाद कनाडा ने यह कदम उठाया है। कनाडा के एक निजी टेलीविजन नेटवर्क 'सीटीवी न्यूज' की यह रिपोर्ट तब आयी है जब भारत ने इस सप्ताह की शुरुआत में कनाडा से अपने दूतावासों में काम कर रहे कई राजनयिकों की संख्या कम करने के लिए कहा था। खालिस्तानी अलगावादी निज्जर की जून में हुई हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया है।

भारत ने आरोपों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया और इस मामले के लेकर ओटावा के एक भारतीय अधिकारी को कनाडा से निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को अपने यहां से निष्कासित कर दिया था। सीटीवी न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत सरकार ने ओटावा को कनाडाई राजनयिकों की उपस्थिति कम करने के लिए 10 अक्टूबर तक का समय दिया है। उसका कहना है कि नई दिल्ली में राजनयिकों की संख्या कनाडा में भारत के राजनयिकों की संख्या के समान होनी चाहिए। पहले की खबरों में कहा गया कि इन राजनयिकों की संख्या 41 है लेकिन सीटीवी न्यूज के सूत्रों ने बताया कि राजनयिकों की संख्या समान करने के लिए कहा गया है।

खबर में कहा गया है, दिल्ली के बाहर भारत में काम कर रहे अधिकांश कनाडाई राजनयिकों को कुआलालम्पुर या सिंगापुर भेजा गया है। कनाडा के राजनयिक और दूतावास संबंधों का प्रबंधन करने वाले विभाग 'ग्लोबल अफेयर्स कनाडा' ने पहले कहा था कि विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर कुछ राजनयिकों को धमकियां मिलने के बाद वह भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या का आकलन कर रहा है। विभाग ने कहा, इसके परिणामस्वरूप और अत्यधिक सावधानी बरतते हुए, हमने भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या को अस्थायी रूप से कम करने का फैसला किया है। भारत ने बृहस्पतिवार को कहा था कि कनाडा को संख्या में समानता हासिल करने के लिए देश में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करनी चाहिए और आरोप लगाया कि कनाडा के कुछ राजनयिक नई दिल्ली के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने में शामिल हैं। यह निज्जर की हत्या पर दोनों देशों के बीच संबंधों में जारी गिरावट का स्पष्ट संकेत है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि परस्पर राजनयिक उपस्थिति पर पहुंचने के तौर-तरीकों पर चर्चा चल रही है और उन्होंने स्पष्ट संकेत दिया कि भारत इस मुद्दे पर अपनी स्थिति की समीक्षा नहीं करेगा। ऐसी जानकारी है कि भारत में कनाडाई राजनयिकों की संख्या लगभग 60 है और नई दिल्ली चाहती है कि ओटावा इस संख्या में कम से कम 36 की कमी करे।

यह पूछे जाने पर कि क्या कनाडा ने निज्जर की हत्या से संबंधित कोई जानकारी या सबूत भारत के साथ साझा किया है, बागची ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर की हालिया टिप्पणियों का हवाला दिया था कि यदि कोई विशिष्ट या प्रासंगिक जानकारी नई दिल्ली के साथ साझा की जाती है, तो वह उस पर विचार करने के लिए तैयार है।

# रूस ने परमाणु मिसाइल का परीक्षण किया और वह वैश्विक परमाणु परीक्षण पाबंदी को रद्द कर सकता है: पुतिन

**मॉस्को/एपी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके देश ने एक प्रायोगिक परमाणु क्रूज मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया और यह चेतावनी भी दी कि देश की संसद परमाणु परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाने वाली संधि के अनुमोदन को रद्द कर सकती है। विदेश नीति विशेषज्ञों के मंच पर अपने संबोधन में पुतिन ने घोषणा की कि रूस ने बुरेवेस्तनिक क्रूज मिसाइल और सरमात भारी अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का निर्माण कार्य प्रभावी तरीके से पूरा किया है तथा इनका उत्पादन करेगा। उन्होंने बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए कहा, हमने बुरेवेस्तनिक परमाणु वैश्विक रेंज क्रूज मिसाइल का आखिरी सफल परीक्षण किया। अपने बयान में पहली बार उन्हें बुरेवेस्तनिक के सफल परीक्षण की घोषणा की। 'बुरेवेस्तनिक' का शाब्दिक अर्थ तूफानी लड़ाका है। पुतिन ने पहली बार 2018 में इसका जिक्र किया था। 'बुरेवेस्तनिक के बारे में काफी कम जानकारी उपलब्ध है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन ने इसका कोडनेम 'स्काईफॉल' रखा है।

उनका मानना है कि परमाणु इंजन अत्यधिक अविश्वसनीय हो सकता है। माना जाता है कि यह परमाणु हथियार या पारंपरिक हथियार ले जाने में सक्षम है और यह संभावित रूप से अन्य मिसाइलों की तुलना में अधिक समय तक ऊपर रह सकता है और परमाणु प्रणोदन के कारण बहुत अधिक दूरी तय कर सकता है।

# 'नेताओं को अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए देश को संकट में नहीं डालना चाहिए'

**वाशिंगटन/भाषा**

कनाडा के ओंटारियो प्रांत की संसद में 'विश्व सौहार्द वर्ष' के उदघाटन समारोह के दौरान आचार्य लोकेश मुनि ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को अपने स्वार्थों को पूरा करने के लिए अपने देश और समाज को संकट में नहीं डालना चाहिए। उन्होंने यह बात ऐसे समय कही जब भारत और कनाडा के बीच राजनयिक गतिरोध जारी है।

भगवान महावीर के 2,550वें निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में 'विश्व सौहार्द वर्ष' मनाया जा रहा है। लोकेश मुनि ने इस सप्ताह सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान महावीर अहिंसा और शांति के अग्रदूत थे तथा उनकी शिक्षाएँ तात्कालिक समय की तुलना में वर्तमान समय में अधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, हिंसा, धार्मिक असहिष्णुता और असमानता जैसी कई वैश्विक समस्याओं का समाधान भगवान महावीर के दर्शन में मिलता है।

भारत और कनाडा के बीच तनावपूर्ण संबंधों पर परोक्ष टिप्पणी करते हुए लोकेश मुनि ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए देश और समाज को संकट में नहीं डालना चाहिए। इस संबंध में जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, लोकेश मुनि ने कहा कि चुनावी लाभ के लिए हिंसा, नफरत और अलगाववादी सोच को बढ़ावा देना गलत है।

ओंटारियो की संसद में प्रोग्रेसिव कंजर्वेटिव पार्टी के एमपीपी (प्रांतीय संसद सदस्य) दीपक आनंद ने कहा कि आज की दुनिया में शांति और सद्भाव बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के बीच असहिष्णुता तथा हिंसा बढ़ रही है।

आनंद ने कहा कि ऐसे माहौल में 'विश्व सौहार्द वर्ष' का आयोजन अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर की शिक्षाएं इन चुनौतियों से निपटने में मददगार साबित होंगी। खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की संभावित संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद पिछले महीने भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया था। भारत ने कनाडा के आरोपों को निराधार करार देकर खारिज किया था।

# बड़े पैमाने पर एक्शन सीक्वेंस का हिस्सा बनना पसंद है : सलमान खान

**मुंबई/एजेन्सी**

फिल्म 'टाइगर 3' को लेकर सुपरस्टार सलमान खान ने कहा कि उन्हें बड़े पैमाने पर एक्शन सीक्वेंस का हिस्सा बनना पसंद है। सलमान ने कहा, लोगों ने 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है' और वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्में देखी हैं। इसलिए, उन्हें विजुअली तौर पर कुछ नया देना जरूरी है, जो आश्चर्यजनक रूप से यूनिक हो। टीम ने वास्तव में 'टाइगर 3' के साथ एक्शन का दायरा बढ़ा दिया है। इसे शानदार होना ही था। एक्टर ने कहा कि वह सेट पर एक बच्चे की तरह बड़े पैमाने पर एक्शन सीन्स को देख रहे थे जिन्हें शूट करने के लिए उनके लिए विस्तृत योजना बनाई गई थी। उन्होंने कहा, टीम ने उन चीजों को आजमाया और एग्जीक्यूट किया है जो किसी भारतीय फिल्म में कभी नहीं देखी गई हैं।

मुझे इन बड़े पैमाने पर एक्शन सीन्स का हिस्सा बनना पसंद है! जब हम टाइगर 3 के ट्रेलर का लॉन्च करेंगे तो हम आपको ऐसे कई बड़े मोमेंट्स से रूबरू कराएंगे, जो फिल्म की हमारी अगली मार्केटिंग एसेट्स होने जा रही है।'' सलमान ने कहा कि 'टाइगर 3' की कहानी उतार-चढ़ाव से भरी है क्योंकि सुपर एजेंट टाइगर जानलेवा मिशन पर निकलता है। अभिनेता ने कहा, ''ट्रेलर और फिल्म से अप्रत्याशित की उम्मीद है। और एक एक्शन एंटरटेनर के लिए तैयार हो जाइए जिसकी कहानी वास्तव में गहन होगी। 'टाइगर 3' की कहानी ने मुझे तुरंत प्रभावित किया है।''

यह निश्चित रूप से टाइगर का सबसे खतरनाक मिशन है और उसे इसके लिए अपनी जान जोखिम में डालनी होगी। मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित, 'टाइगर 3', अगले चैप्टर का खुलासा करने के लिए तैयार है कि कैसे आदित्य चोपड़ा वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स को आकार दे रहे हैं, जिसने अब तक बॉक्स ऑफिस पर 100 प्रतिशत ब्लॉकबस्टर रिजल्ट दिया है। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्में 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है', 'वॉर', 'पठान' और अब 'टाइगर 3' हैं।






# फिल्म 'गणपथ' का पहला गाना 'हम आए हैं' रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की आने वाली फिल्म गणपथ का पहला गाना हम आए हैं रिलीज हो गया है।

पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म गणपथ में टाइगर श्राफ के साथ कृति सेनन और अमिताभ बच्चन की मुख्य भूमिका है।इस फिल्म का पहला गाना हम आए हैं रिलीज हो गया है।यह गाना पार्टी सॉन्ग है, इस गाने में टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन की सिज़लिंग केमिस्ट्री और शानदार डांस मूव्स, अट्रेक्टिव चेन हुक-स्टेप ने लोगों का दिल जीत लिया है।

गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर इस गाने पर रिल्स भी बननी शुरू हो गई। गुड कंपनी के सहयोग से पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और विकास बहल द्वारा निर्देशित गणपथ का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल ने किया है। यह फिल्म 20 अक्टूबर को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी।

# 'सैंधव' के नए पोस्टर में इंटेंस लुक में नजर आ रहे वेंकटेश दग्गुबाती

**हैदराबाद/एजेन्सी**




एक्टर वेंकटेश दग्गुबाती अपकमिंग क्राइम-ड्रामा-एक्शन फिल्म 'सैंधव' के लेटेस्ट पोस्टर में बेहद इंटेंस लुक के साथ धमाल मचा रहे हैं। पोस्टर में 62 वर्षीय 'श्रीनिवास कल्याणम' एक्टर खतरनाक लुक में नजर आ रहे हैं। वेंकटेश ने ब्लैक शर्ट और ब्लू जींस पहनी है और हाथ में एक बंदूक पकड़ी है। एक्टर के बैकग्राउंड में रस्सियां और लकड़ी के लट्ठों की तरह दिखने वाली कई चीजें हैं। पोस्टर हाई क्वालिटी वाला है जो एक बहुत बड़े प्रोडक्शन का संकेत देता है। इंस्टाग्राम और एक्स पर नए पोस्टर को लॉन्च किया गया और कैप्शन देते हुए फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की गई, 'सैंधव' 13 जनवरी को रिलीज होगी। माना जा रहा है कि यह फिल्म नियो-नोयर टोन वाली है और इसका निर्देशन शैलेश कोलानू द्वारा किया जाएगा, जबकि निर्माता वेंकट बोयानापल्ली होंगे। वेंकटेश के अलावा, 'सैंधव' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी, श्रद्धा श्रीनाथ, रुहानी शर्मा, एंड्रिया जेरेमिया, सारा और जयप्रकाश भी होंगे। वेंकटेश अपनी हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर सीरीज 'राणा नायडू' का दूसरा सीजन भी लेकर आ रहे हैं, जो अमेरिकी सीरीज 'रे डोनोवन' का रूपांतरण है।




# 13 को रिलीज होगी फिल्म 'अब तो सब भगवान भरोसे'


**पटना/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता विनय पाठक की फिल्म अब तो सब भगवान भरोसे 13 अक्टूबर को रिलीज होगी। 'अब तो सब भगवान भरोसे' भारत सहित यूके, यूएस, आस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड के सिनेमा घरों में रिलीज़ हो रही है। इस फिल्म का निर्देशन शिलादित्य बोरा ने किया है जबकि कहानी और पटकथा सुधाकर नीलमणि एकलव्य ने लिखी है।फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में यहां आये विनय पाठक ने बताया,हमारी फ़िल्म एक ज़रूरी फ़िल्म है। अनोखी फ़िल्म है। इसे सभी देखना चाहिए।

फ़िल्म बिहार के पृष्ठभूमि पर आधारित है। लकी हूं कि मैं इस फ़िल्म का अहम हिस्सा हूँ। यह फ़िल्म शिलादित्य बोरा के निर्देशन बनी पहली है। शिलादित्य बोरा ने कहा,फ़िल्म अब तो सब भगवान भरोसे वास्तविक जीवन पर आधारित ज़रूर है लेकिन अनुभव करोड़ों लोग से मेल खाती है। फ़िल्म के असोसिएट प्रोड्यूसर रविराज पटेल ने कहा कि अब तो सब भगवान भरोसे सही शिक्षा और ग़लत शिक्षा के बीच की व्यथा पर गम्भीर बात रखती है।

इस अवसर पर अमेटी यूनिवर्सिटी पटना के कुलपति डॉक्टर विवेकानंद पांडेय ने कहा कि विनय पाठक जैसे अभिनताओं से बिहार का मान बढ़ा है। हम गौरवान्वित हैं कि वह पटना आए हैं। मैं उनकी फ़िल्म के शुभकामनाएँ देता हूँ।

# दुबई में अल्लू अर्जुन की मोम की प्रतिमा का अनावरण साल के अंत तक



**मुंबई/एजेन्सी**

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता तेलुगू स्टार अल्लू अर्जुन साल के अंत में मैडम तुसाद दुबई में अपने मोम के पुतले का अनावरण करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। तेलुगू स्टार अल्लू अर्जुन का गुरुवार को माप देते हुए एक वीडियो सामने आया, जिसमें उन्हें काला सूट पहने हुए दिखाया गया। अल्लू अर्जुन का मोम का पुतला एक प्रतिष्ठित लाल जैकेट पहनेगा जो उन्होंने अपनी फिल्म 'अला वैकुंठपूर्मुलु' के बोर्डरूम डांस दृश्य में पहनी थी। यह खबर मिलने पर कि उन्हें मैडम तुसाद दुबई में मोम के पुतले के लिए चुना गया है, अल्लू ने एक बयान में कहा, मैंने लॉस एंजिल्स में मैडम तुसाद का दौरा किया और उस अनुभव से अभिभूत हो गया। अभिनेता ने कहा कि मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि अब मेरे पास एक मोम का पुतला होगा, मैंने कभी इस पर विश्वास नहीं किया होगा।

मैडम तुसाद में सेलिब्रिटी और कलाकारों के बीच एक 'सिटिंग' मीटिंग इस साल की शुरुआत में दुबई में हुई थी। अद्भुत मोम की आकृतियों में से एक को बनाने के लिए आवश्यक सामान्य, विस्तृत प्रक्रिया के रूप में 200 से अधिक माप लिए गए। मैडम तुसाद दुबई के महाप्रबंधक सनाज कोलसरड ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि अल्लू अर्जुन दक्षिण भारत के सबसे बड़े अभिनेता हैं। उनकी अविश्वसनीय सफलता को चिह्नित करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि प्रशंसकों को वह दिया जाए जो वे उनकी पहली मोम प्रतिमा चाहते हैं। हमारे कलाकार अल्लू के साथ उनकी समानता पर काम कर रहे हैं और हम इस वर्ष के अंत में प्रतिमा का अनावरण करने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।'' यह प्रतिमा ब्लूवाटर्स पर स्थित आकर्षण के अंदर सुंदर और इंटरैक्टिव बॉलीवुड जोन में रखी जाएगी।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमस्टिक कौंसिल (आईजेएसएफ) इस बार 12 अक्टूबर से लेकर 17 नम्वबर तक पूरे भारतवर्ष में 'इंडिया ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टिवल - 2023' का आयोजन करने जा रहा है।




# सुराणा कॉलेज में प्राचीन सिक्कों की लगी प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई रुचि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सुराणा कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा शुक्रवार को प्रसिद्ध मुद्राशास्त्री एचके रामाराव द्वारा 'भारत दर्शन' नामक एक प्राचीन विरासत और ऐतिहासिक सिक्का प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस 15वीं सिक्का प्रदर्शनी में मगध, मौर्य, दिल्ली सल्तनत, मुगल और विजयनगर साम्राज्य आदि के लगभग 1,500 से अधिक मूल्यवान सिक्के प्रदर्शित किए गए। 86 वर्षीय सेवानिवृत्त इंजीनियर ने वर्ष 1968 से सिक्के एकत्र करना शुरू किया था और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स, होयसला प्रशस्ति, अंतर्राष्ट्रीय संगठन 'मरुधर आर्ट्स' द्वारा डोयेन ऑफ न्यूमिज़माटिक्स' का राष्ट्रीय पुरस्कार ने सम्मानित इस मुद्राशास्त्री के संग्रह में हजारों प्राचीन ऐतिहासिक सिक्के हैं जिनका आज प्रदर्शन किया गया।

एचके रामा राव ने उत्साह के साथ छात्रों को संबोधित किया और छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत करते हुए इतिहास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिक्के उस काल की संस्कृति, समृद्ध विरासत, परंपराओं और आर्थिक स्थितियों के बारे में बहुत कुछ बताते हैं और छात्रों को उनके ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानने के लिए इन सिक्कों का अध्ययन करना चाहिए। कर्नाटक न्यूमिस्मैटिक सोसाइटी के सदस्य एसएस अफसर खादरी ने कहा कि इतिहास को जानने के लिए सिक्के एक महत्वपूर्ण कुंजी हैं।



# 'पाप से घृणा करो, पापी से नहीं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. के सान्निध्य में पुच्छीसुणं का संपुट्ट जाप का आयोजन चल रहा है। शुक्रवार को महासती ने सोलहवीं गाथा का संपृष्ट जाप किया गया। जाप के बाद में गाथा का विवेचन करते हुए साध्वी अनुज्ञाश्रीजी ने कहा कि भगवान महावीर ने अनुत्तर धर्म का उपदेश देकर सर्वोत्तमअथवा सर्वश्रेष्ठ ध्यान शुक्लध्यान की साधना की 'केवली पन्नत्तो धम्मों लोगुत्तमों' अर्थात केवली प्रारूपित धर्म ही लोक में उत्तम है। केवली प्ररूपीत धर्म ही मंगल रूप है। वीतराग प्रारूपित धर्म ही मंगल रूप है लोक में उत्तम है। धर्म परम औषधि है। धर्म परम पाथेय हैं। धर्म एक सुगंध है। धर्म प्रेम है। धर्म से करुणा और अहिंसा का विकास है। साध्वीश्री ने कहा कि ध्यान चार प्रकार के होते हैं। आर्तध्यान, रौद्रध्यान, धर्मध्यानऔर शुक्लध्यान। हमें आर्तध्यान और रौद्रध्यान को छोड़कर धर्मध्यान और शुक्लध्यान अपनाकर जीवन को सफल बनाना है।

इससे पूर्व डॉ. प्रतिभाश्रीजी ने कहा कि सरलता में धर्म है। हमें प्रभु की वाणी को समझना है । न किसी पर राग करना है, न किसी पर द्वेष करना है और धर्म के मर्म को समझना है। पाप से घृणा करो पापी से घृणा मत करो। परमात्मा द्वारा कहा गया है कि प्रभु धर्म सरल धर्म है। ऐसा ही गुरुदेव पुष्करमुनिजी म सा का जीवन सरल और सहज था। साध्वी ऋषिताश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। उपाध्याय पूज्य गुरुदेव श्री पुष्करमुनिजी म. सा. की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित अष्टदिवसीय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को तप दिवस के रूप में एकासन की तपस्या का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 साधकों ने भाग लिया। पुच्छिस्सुणं जाप के लाभार्थी संतोषकुमार ललितादेवी संचेती परिवार थे। सहमंत्री विनोद भूरट ने संचालन किया।



# 'विकास का स्वर्णिम सुख है अनुशासन में रहना'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय अणुव्रत समिति द्वारा अणुव्रत विश्वभारती सोसायटी के निर्देशन में अणुव्रत अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के छठे दिन विजयनगर तेरापंथ भवन में मुनिश्री दीपकुमारजी के सान्निध्य में अनुशासन दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुनिश्री द्वारा नमस्कार महामंत्रोचार से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अध्यक्षता कर रहे तेरापंथ सभा, विजयनगर के अध्यक्ष प्रकाश गांधी ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है। अनुशासन के बिना कोई भी कार्य सही ढंग से नहीं होता। अनुशासन दिवस के मुख्य अतिथि अणु विभा के संगठन मंत्री राजेश चावत, समिति अध्यक्ष देवराज रायसोनी, समिति पूर्व अध्यक्ष प्रकाश लोढ़ा ने भी अपने विचार व्यक्ति किए। मुनि हेमंतकुमारजी ने कहा कि शासन और अनुशासन में मौलिक परिवर्तन है। शासन औरों अर्थात दूसरों पर किया जाता है और अनुशासन स्वयं से स्वीकार होता है। शासन में बल, प्रलोपन और डर होता हैं। अनुशासन में श्रद्धा, स्वीकरण और समर्पण के भाव होते हैं। व्यक्ति को प्रतिदिन अनुशासन से जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। मुनिश्री दीप कुमारजी मंगल पाथेय देते हुए कहा दूसरों पर अनुशासन करने से पहले हमारा आचरण वैसा होना चाहिये। हमारी कथनी-करनी में समानता होनी चाहिए। गुरुदेव तुलसी ने नारा दिया 'निज पर शासन, फिर अनुशासन'। मुनिश्री ने कहा कि अच्छा गुरु वह बन सकता हैं, जो अच्छा शिष्य हुआ होगा । विकास का स्वर्णिम सुख है अनुशासन में रहना । जो अनुशासित रहता है वह विकास कर जाता है। कार्यक्रम में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के दक्षिण भारत प्रभारी लाभेश कांसवा, समिति निवर्तमान अध्यक्ष शांतिलाल पोरवाल, उपाध्यक्ष माणकचंद संचेती, सहमंत्री बबीता चोपड़ा, प्रचारमंत्री रमेश दक, कोषाध्यक्ष महेंद्र दक, तेयुप विजयनगर अध्यक्ष राकेश पोखरणा सहित विभिन्न सभा संस्थाओं के पदाधिकारी एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति रही। मंत्री हरकचंद ओस्तवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। संयोजिका शांति सकलेचा ने धन्यवाद दिया।

# 'इंडिया ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टिवल -2023' बेंगलूरु में हुआ लॉंच

## 12 अक्टूबर से लेकर 17 नम्वबर तक पूरे भारत में चलेगा यह शॉपिंग फेस्टिवल

## ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमस्टिक कौंसिल कर रहा है आयोजन




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमस्टिक कौंसिल(आईजेएसएफ)इस बार 12 अक्टूबर से लेकर 17 नम्वबर तक पूरे भारतवर्ष में 'इंडिया ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टिवल - 2023' का आयोजन करने जा रहा है। इस फेस्टिवल-उत्सव को बेंगलूरु में लॉंच करते हुए पत्रकारों से बातचीत करते हुए आईजेएसएफ के सहसंयोजक मनोज झा ने बताया कि कौंसिल में आभूषण निर्माता, होलसेलर, रिटेलर, निर्यातक सहित उद्योग संबंधी लोग शामिल है। झा ने बताया कि डिवाइन सॉलिटर्स के सहयोग से प्रायोजित यह फेस्टिवल पूरे भारत वर्ष में आयोजित किया जा रहा है। इस फेस्टिवल में पूरे देश के करीब 5000 से अधिक आभूषण प्रतिष्ठान भाग ले रहे हैं। इस उत्सव में करीब 50 लाख से अधिक ग्राहकों की शामिल होने की संभावना है। मनोज झा ने बताया कि इस उत्सव के माध्यम से पूरे आभूषण उद्योग में लगभग 30 प्रतिशत व्यापार वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि यह उत्सव बीटूबी व बीटूसी सेगमेन्ट के लिए लाभकारी होगा। झा ने उत्सव में खरीददारी की जानकारी देते हुए बताया कि इस उत्सव अवधि के दौरान रजिस्टर्ड प्रतिष्ठानों से 25 हजार से अधिक के स्वर्णाभूषण व हीरा खरीद पर प्रति 25 हजार के एवज में एक चांदी का विशेष स्मारक सिक्का तो दिया ही जाएगा उसके अलावा एक कूपन भी दिया जाएगा। झा ने बताया कि प्रत्येक 5 हजार कूपनों पर 25 ग्राम सोने का सिक्का जीतने का भी अवसर ग्राहक को मिलेगा।

### 35 करोड़ रुपए के पुरस्कार जीतने का मौका है 'शॉपिंग फेस्टिवल'

मनोज झा ने इस उत्सव में देश भर में विभिन्न रजिस्टर्ड स्टोरों से बिल से हुई खरीददारी पर मिलने वाले इनामों की जानकारी देते हुए कहा कि इस उत्सव में एक एक किलो के पांच पुरस्कार, जडाऊ ज्वेलरी के प्रत्येक 10 लाख रुपए मूल्य के 5 पुरस्कार, टेम्पल ज्वेलरी के प्रत्येक 10 लाख रुपए मूल्य के 5 पुरस्कार, हीरे व अन्य बहुमूल्य रत्नों के प्रत्येक 5 लाख रुपए मूल्य के 10पुरस्कार, स्वर्ण आभूषण प्रत्येक 2.5 लाख रुपए मूल्य के 10पुरस्कार एवं डायमंड स्टेड स्वर्ण सिक्के के 100 पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस 37 दिवसीय उत्सव में कुल मिलाकर 35 करोड़ रुपए मूल्य के पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस उत्सव में सभी पुरस्कारों के लिए डॉ पूरे प्रामाणिकता व पारदर्शिता प्रणाली के तहत डिजीटल तरीके से प्रतिष्ठित मूल्यांकन कम्पनी 'ईएंडवाई द्वारा किए जाएंगे। कूपनों के माध्यम से ग्राहक इन पुरस्कारों को प्राप्त करने का अवसर पा सकते हैं।

### सोना हमेशा से महिलाओं की पहली पसंद है : प्रियंका उपेन्द्रा

पत्रकार वार्ता में विशेष रूप से आमंत्रित कन्नड़ अभिनेत्री प्रियंका उपेन्द्रा ने इस 'इंडिया ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टिवल - 2023' से जुड़कर खुशी जताते हुए कहा कि सोना हमेशा से महिलाओं की पहली पसंद रहा है तथा निवेश का अच्छा अवसर है। प्रियंका ने कहा कि भारत में हर मांगलिक व उत्सव में सोना आभूषण होना जरुरी है। भारतीय सभ्यता में किसी भी सामाजिक व पारिवारिक डील को गोल्ड की सील के साथ ही पूरा समझा जाता है इसलिए स्वर्णाभूषण हर मौके के लिए जरुरी है। उन्होंने कहा कि सही समय पर सही अवसर को प्राप्त करना चाहिए और ऐसा ही सुनहरा अवसर इस उत्सव के माध्यम से हमें मिल रहा है जिसका हमें लाभ उठाना चाहिए।

### स्वर्णाभूषणों के नए कलेक्शनों का होगा प्रदर्शन : विनोद हायग्रिव

पत्रकारों से बातचीत करते हुए कौंसिल के पूर्व चेयरमैन व सी. कृष्णैया चेट्टी एंड संस के मालिक विनोद हायग्रिव ने उत्सव के जानकारी देते हुए कहा कि इस उत्सव से पहले वर्ष 2006 व 2008 में शुभलक्ष्मी नाम से उत्सव किया गया था। अब पूरे भारतवर्ष स्तर पर अपने आप में सबसे बड़ा उत्सव 'इंडिया ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टिवल-2023' का आयोजन होने जा रहा है जिसे लेकर पूरे देश के ज्वेलर्स समुदाय में विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि इस उत्सव में कौंसिल ने सभी संभावित प्रतिष्ठानों को शामिल करने की कोशिश की है। उन्होंने बताया कि इस उत्सव का लॉंच सबसे पहले बेंगलूरु में हो रहा है जो कि अपने आप में यह सिद्ध करता है कि आभूषण उद्योग में बेंगलूरु का स्तर अग्रणी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के उत्सव से प्रतिष्ठानों को अपने नए क्लेकशन को ग्राहकों तक पहुंचाने का सुनहरा अवसर मिलता है। इस तरह के उत्सव आभूषण उद्योग को नई गति प्रदान करेंगे।

### आभूषण व्यापारियों के लिए सुनहरा अवसर है यह उत्सव : वर्गिस आलुका

इस मौके पर जोस आलुकास् ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक वर्गिस आलुका ने कहा कि कौंसिल ने सही समय पर यह 'इंडिया ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टिवल - 2023' उत्सव का आयोजन कर ग्राहकों को करोड़ों रुपए के उपहार जीतने का मौका दिया है। वर्गिस ने कहा कि यह उत्सव ग्राहकों के साथ साथ दुकानदारों के लिए भी लाभकर होगा। सबसे पहले ग्राहकों को नए डिजाइन देखने को मिलेंगे और साथ ही सही मूल्य के साथ साथ पुरुस्कार का अतिरिक्त लाभ भी होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्सव व्यापार को बढ़ावा तो देते ही है साथ ही ग्राहकों के मन में एक साख भी स्थापित करते हैं। इस मौके पर कौंसिल के सचिव मितेश दोरड़ा ने भी फेस्टिवल की जानकारी दी।



# बसवनगुड़ी में दीक्षार्थी सम्मान समारोह में हुई परमात्मा भक्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी की निश्रा में मोकलसर निवासी मुमुक्षु अभिनव का अभिनंदन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्भयलाल गुलेच्छा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। ट्रस्ट के महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा ने बताया कि मुमुक्षु की मंगलकारी प्रवज्या भगवती दीक्षा 7 दिसम्बर पालीताणा जैन तीर्थ में होनी है ।

प्रवक्ता अरविन्द कोठारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि मुमुक्षु अभिनव गुलेच्छा की भगवती दीक्षा श्रीसागर समुदाय के आचार्य पूर्णचंद्रसागरसूरीजी की निश्रा में होगी। ललित डाकलिया ने कहा कि मुमुक्षु के आगमन के उपलक्ष्य में शाम को जिनालय में 'आध्यात्मिक चेतना' परमात्मा भक्ति कार्यक्रम में चेन्नई के मोहन-मनोज गुलेच्छा ने भक्ति की प्रस्तुति दी। मुमुक्षु का सम्मान दादावाड़ी ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष और महामंत्री के साथ पूर्व अध्यक्ष महेन्द्रकुमार रांका, उपाध्यक्ष तेजराज मालानी, कोषाध्यक्ष रनजीत ललवानी, वरिष्ठ सदस्य चुन्नीलाल गुलेच्छा, पुखराज कवाड, पारसमल कांकरिया आदि सदस्यों ने किया।

# सड़क दुर्घटना से कुत्तों को बचाने के लिए मुहिम, विद्यार्थियों ने पहनाए रेडियम बेल्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के अरिहंत इंस्टिट्यूट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, तलघट्टपूरा के विद्यार्थियों, अध्यापकों ने अनूप सर के जन्मदिन के अवसर पर सड़क दुर्घटना से कुत्तों की रक्षा के लिए मुहिम चलाई। इस मुहिम के तहत विद्यार्थियों के 4 समूहों ने सिल्क इंस्टिट्यूट मेट्रो स्टेशन से कोन्ननकुंटे क्रॉस मेट्रो स्टेशन तक जाकर सड़क पर घूमने वाले 60 से अधिक कुत्तों के गले में रेडियम बेल्ट लगाया ताकि कुत्ते दुर्घटना की चपेट में आने से बच सके। साथ में लोगों को भी वाहन चलाते समय कुत्तों एवं अन्य जानवरों का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों के साथ शिक्षक अनूप, काव्या, भार्गवी, यशस्वनी एवं डॉ. सुरेश डुडवे सर आदि शामिल थे। इस मुहिम को प्रधानाचार्य डॉ. उमा हट्टिकलन ने भी प्रोत्साहित किया ।




# पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं का किया सम्मान

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के लायंस क्लब ऑफ बेंगलूरु सिटी आनंद के सदस्यों ने स्वामी विवेकानन्द केपीएचएस टीआर नगर में डेयर टू ड्रीम थीम पर 'शांति का संदेश' पीस पोस्टर कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें लगभग 85 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेता प्रथम, द्वितीय और तृतीय विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र, स्मृतिचिन्ह व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। इस मौके पर जिला 317एफ के अध्यक्ष अध्यक्ष प्रसन्ना कुमार अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। क्लब के शिक्षक दिवस और इंजीनियर्स दिवस के उपलक्ष्य में मैडम सुमित्रा और विजय का सम्मान किया। इस मौके पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य रामगोपाल मूंदड़ा, क्लब अध्यक्ष कविता जैन, उपाध्यक्ष आशा सिंघवी, पीस पोस्टर अध्यक्ष उषा दानी, ललित, मंजुला, कोषाध्यक्ष आशीष बाफना आदि उपस्थित थे।




।।श्री महावीराय नमः।।
जय आत्मानंद-देवेन्द्र-शिव-महेन्द्र
श्री अमर-ज्येष्ठ-तारक-पुष्कर-गणेश गुरुभ्यो नमः
जय कुसुम -चारित्र

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ
अक्कीपेट बेंगलूरु के तत्वावधान में
राजस्थान केसरी, अध्यात्म योगी, विश्व संत,
उपाध्याय प्रवर, पूज्य गुरुदेव 1008

श्री पुष्करमुनिजी म.सा. का 114 वां जन्मोत्सव
रविवार, दि. 08.10.2023, प्रातः 8.45 बजे
स्थल : गोड़वाड़ भवन, लालबाग रोड क्रॉस, बेंगलूरु
निर्मल निश्रा :
श्रमण संघीय आचार्य 1008 डॉ .शिवमुनिजी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी,
राजस्थान सिंहनी उपप्रवर्तनी सद्गुरुवर्या पूज्यश्री चरित्रप्रभाजी म. सा. की शिष्या,
जिनशासन चंद्रिका, दक्षिण दीपिका, शासन ज्योति प.पू. सद्गुरुवर्या
डॉ श्री प्रतिभाश्रीजी म.सा,
साध्वी मल्लीश्रीजी म.सा., साध्वीश्री ऋषिताश्रीजी म.सा.,
साध्वीश्री अनुज्ञाश्रीजी म.सा., साध्वीश्री सर्वज्ञाश्रीजी म.सा.,
साध्वीश्री प्रियांगीश्रीजी म.सा. आदि ठाणा 6
सुखद समागम : उपप्रवर्तिनी प.पू. महासाध्वीश्री मणिप्रभाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा, दक्षिण दीपिका प.पू. महासाध्वीश्री विजयलताश्रीजी म.सा. आदि ठाणा, मधुर व्याख्यानी श्रुतप्रज्ञा महासाध्वीश्री प्रतिभाश्रीजी आर्या आदि ठाणा, मधुरवक्ता प.पू. महासाध्वीश्री रिद्धिश्रीजी म.सा. आदि ठाणा
विशेष नोट : कार्यक्रम के पश्चात गौतम प्रसादी रखी गई है।
चातुर्मास में भोजन व्यवस्था के मुख्य लाभार्थी : श्री मदनलालजी प्रकाशचन्दजी माणकचन्दजी अशोककुमारजी आनंदकुमारजी बडेरा परिवार, फर्म : पंचकेशरी बडेरा ज्वेलर्स, बेंगलूरु
चातुर्मास के मुख्य सहयोगी
• मे. मरक्युरी पेपर एजेन्सीज, सुल्तानपेट, बेंगलूरु • मे. नेचुरल ग्रेनाइट, बेंगलूरु
• मे. राजकुमार, दि कार्ड शॉप, सुल्तानपेट, बेंगलूरु • मे. गोलेच्छा नेचुरल्स प्रा. लि, बेंगलूरु
निवेदक : श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, अक्कीपेट, बेंगलूरु
नेमीचन्द सालेचा : 98450 23192 अध्यक्ष | माणकचन्द बड़ेरा : 98861 50055 चेयरमैन-चातुर्मास समिति | सुरेश कानूंगा : 93412 22142 मंत्री
श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन नवयुवक मंडल, श्री चन्दनबाला महिला मंडल,
श्री सत्य बहुमंडल, श्री प्रतिभा बालिका मंडल, अक्कीपेट, बेंगलूरु

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com